रोहतक
रविवार, 28 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 01
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 3.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



08 रिदम सांगवान, उज्जवल ने वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण पदक


# K.R. MANGALAM
## World School
## Bahadurgarh

ENGAGE. LEARN. INNOVATE.

Invites You For

# Winter Carnival

GLOBAL GOALS GALA

Towards a Sustainable Tomorrow

04th February 2024
11 am - 5pm

OPEN TO ALL



MAJOR ATTRACTIONS

Gallery Walk On SDG Projects
Nukkad Natak | Magic Show | Face Painting
Fun And Games | Shopping Arcade
Food Fiesta And *So Much More!!*

Band at 02:00 pm

COMPETITIONS

Ramp Walk | Dancing | Singing
Design Sustainable City | Best out of waste
Participate & Win Exciting Prizes!!

Register Now
for further details contact :
9138597003

Scan for Registration

*Join us for a day filled with fun and frolic, indulge in games and food all while exploring our state of the art infrastructure!*



SESSION 2024-25
ADMISSIONS OPEN
Nursery to IX
(Play Group Also Available)

25,000+ Students Studying
10,000+ Alumni Members
2500+ Faculty on Board

SEAMLESS Admission Process
INNOVATIVE Signature Programs
STUDENT-FRIENDLY Campus
GLOBAL STUDENT Exchange Programs

08045217970
Sector-2, Near Gauri Shankar Mandir, Bahadurgarh

admission@krmangalambahadurgarh.com
www.krmangalambahadurgarh.com
School Opens for Admissions on All Days

G.K.- II | Vikaspuri | Kailash Colony | Paschim Vihar | Vaishali | Greater Noida | Faridabad | G.K.- I (IB) | Gurugram | Bahadurgarh | Panipat

## खबर संक्षेप



### रंजीता मेहता ने किया ध्वजारोहण

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने सेक्टर 16 चंडीगढ़ स्थित बाल कल्याण परिषद मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया। रंजीता मेहता ने कहा कि आज जनता और सरकार का संपर्क सीधा है। प्रशासन में मानव हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए आईटी का बड़े पैमाने पर सफल प्रयोग किया है। आज हर सरकारी योजना के पारदर्शी तरीके से लागू किए जाने से घर बैठे गरीब की बेटी की शादी का शगुन, बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन, बी.पी.एल. कार्ड, चिरायु कार्ड का लाभ, किसानों को उनकी फसल का भुगतान कम्प्यूटर की एक क्लिक से सीधे पात्र के खाते में जाता है।

### हरियाणवी लोक गायक सौरभ सम्मानित

**पंचकूला।** परेड ग्राउंड सेक्टर 5 में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सेक्टर -25 निवासी सौरव शर्मा को हरियाणवी लोक गायकी के लिए जिला सम्मान दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सौरव को सम्मानित किया। सौरव शर्मा बाल्यकाल से ही हरियाणा की लोक परम्परा (रागनी) का प्रचार प्रसार कर रहे हैं और भारत के विभिन्न राज्यों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है।

### मुद्दों से भटका रही भाजपा : सैलजा

**चंडीगढ़/ सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भगवान श्रीराम के नाम पर महंगाई, बेरोजगारी, कृषि जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान भटका रही है। भाजपा को भगवान श्रीराम का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। भगवान श्रीराम लोगों के दिलों में पहले भी वास करते थे और आज भी करते हैं।

### गांव चलो अभियान शुरू करेगी भाजपा : शर्मा

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी गांव चलो अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक बीजेपी के तमाम नेता और पदाधिकारी गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे। भाजपा ज़िला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### जेजे व पोक्सो एक्ट के बारे में दी जानकारी

**फरीदाबाद।** अभी हाल ही में भारतीय न्याय संहिता तथा पूर्व में जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट में हुए बदलावों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों की सेक्टर-12 में ट्रेनिंग आयोजित की गई जिसमें एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसीपी क्राईम अगेंस्ट वूमेन श्रीमती मोनिका सहित करीब 100 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।यह ट्रेनिंग दल्लिी स्थित शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन की सहायता से आयोजित की गई।

### बच्चों को संस्कारों की शिक्षा जरूरी : गौड़

फरीदाबाद। श्री ब्राह्मण सभा द्वारा संचालित नालंदा उच्च विद्यालय सेक्टर-7 व 8 फरीदाबाद द्वारा 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने शिरकत करके ध्वजारोहण किया और सभी को आजादी के इस बड़े दिन की शुभकामनाएं दी।गौड़ ने कहा कि आजादी हमारी धरोहर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायत्वि है, उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों व स्वतंत्रता सेनानियों को देश को आजाद कराने को महान बलिदान किया।

## मुख्यमंत्री ने करनाल में गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण, की कई घोषणाएं

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए एक फरवरी से खुलेगा पोर्टल

■ 15 और मंडियों में खुलेंगी अटल कैंटीन, दो की बजाए हर माह आएगा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को करनाल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 1 फरवरी से 11 शहरों में प्लॉट के आवंटन हेतु पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें 30 वर्ग गज का प्लॉट दिया जाएगा। आवेदनकर्ता मामूली राशि जमा करवा कर इसमें भागीदारी कर सकेंगे। ऐसे लोगों को बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा और केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा, ताकि वे लोग अपना मकान बना सकें।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों व जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए यह योजना शुरू की गई थी और सरकार ने विज्ञापन के माध्यम से प्लॉट या फ्लैट के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इस योजना के तहत अभी तक एक लाख लोगों ने आवेदन किया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि करनाल में स्थित डॉ मंगलसेन ऑडिटोरियम में डॉ मंगलसेन की मूर्ति तथा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में कल्पना चावला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। ध्वजारोहण से पहले, मुख्यमंत्री ने वीर शहीदी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस टुकड़ी, होमगार्ड तथा स्काउट्स इत्यादि की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि गरीबों, किसानों को सस्ती दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश की 25 मंडियों में अटल कैंटीन चलाई जा रही हैं, जो 5 महीने के लिए संचालित की जाती हैं। अब 1 फरवरी, 2024 से 15 और मंडियों में अटल कैंटीन खोली जाएंगी और सभी 40 मंडियों में यह कैंटीन अब 5 माह की बजाय सालभर चला करेंगी। उन्होंने ने घोषणा करते हुए कहा कि लोगों की मांग आ रही थी कि बिजली के बिल दो महीने की बजाय हर माह आने चाहिएं। इसके लिए अब पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 1 फरवरी से 4 जिलों नामतः हिसार, महेंद्रगढ, करनाल और पंचकूला में मासिक बिल आयेंगे। शुरुआत में मीटर रीडिंग लेने के लिए निगम की ओर से कर्मी जाएंगे। उसके बाद उपभोक्ता स्वयं मोबाइल ऐपलिकेशन के माध्यम से मीटर की रिडिंग भेजा करेंगे। इससे व्यवस्था में और सुधार आएगा।

■ 11 शहरों में लोगों को तीस-तीस वर्ग गज के प्लाट दिए जाएंगे



करनाल। गणतंत्र दिवस पर परेड की सलामी लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

उन्होंने ने देश की आजादी में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों तथा सन 1962, 1965, 1971 युद्ध और कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, अन्नदाता किसान, मेहनतकश कामगार और देश की जनता ने मिलकर इस देश को दुनिया की एक बहुत बड़ी शक्ति बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1950 में संविधान लागू तो हुआ, लेकिन वर्षों तक इस गणतंत्र का आभास जनता को हो नहीं पाया। यह जनता का शासन है, जनता के द्वारा है और जनता के लिए है, ये सब बातें सिर्फ कही गई, लेकिन देश की आजादी के बाद लगभग 60 साल तक भी लोगों को गणतंत्र का लाभ नहीं हुआ। बल्कि एक ही परिवार ने देश की शासन व्यवस्था को चलाया। वर्ष 1975-1977 के बीच जब आपातकाल लगा और उस दौरान हुए अत्याचारों ने देश की जनता को जागरूक किया और पहली बार जनता ने जब शासन व्यवस्था बदली, तब इस गणतंत्र का लोगों को आभास हुआ।मनोहर लाल ने कहा कि देश लगातार प्रगति कर रहा है। कृषि के नाते से जनता का भरण पोषण करने का काम विशेष तौर पर हरियाणा और पंजाब और उत्तरी भारत के किसानों ने करके दिखाया। देश के अंदर उन्नत प्रौद्योगिकी का विकास हो रहा है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 तथा आदित्य-एल 1 मिशन के माध्यम से सूर्य तक भी भारत ने अपनी पहुंच बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के लिए धारा-370 और 35-ए को समाप्त किया। सर्जिकल स्ट्राइक की, तीन तलाक का काला कानून समाप्त, नागरिकता संशोधन कानून को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विकासशील देशों की श्रेणी में आता है। आज दुनिया में 37 देश विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 से 25 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई।



पानीपत। एट होम में राज्यपाल का स्वागत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा प्रदेश : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति में हरियाणा भी अपना योगदान अदा कर रहा है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाएं बनाई हैं तथा व्यवस्था परिवर्तन के कार्य किए हैं और आज देश के अन्य प्रांत हमारी योजनाओं का अनुसरण कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हरियाणा टॉप अचीवर्स में पहुंच गया है। एमएसएमई के मामले में हरियाणा का देश में तीसरा, खाद्य भंडार में देश में दूसरा स्थान है। पढ़ी-लिखी पंचायत वाला हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है। खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये की राशि दी जाती है।

## अंत्योदय आहार योजना में 27000 श्रमिकों को प्रतिदिन मिलेगा भोजन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा श्रमिकों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई 'अंत्योदय आहार योजना के तहत श्रम विभाग ने प्रदेश में 127 श्रमिक कैंटीन का सफल संचालन शुरू कर दिया है। इन कैंटीन पर केवल 10 रुपये में भोजन मिलेगा। प्रवक्ता ने बताया कि इन 127 कैंटीनों में से 52 बेस कैंटीन हैं, जिनमें रसोई की व्यवस्था है। जहां भोजन पकाया जाता है और भोजन परोसा भी जाता है। शेष 75 कैंटीन केंद्रीय रसोई में पकाया जाने वाला भोजन प्रदान करेंगी, जहां से 39 वैन और 9 ई-रिक्शा द्वारा आवंटित स्थलों पर भोजन वितरित किया जाएगा।

कैंटीन पर न केवल किफायती दामों पर भोजन उपलब्ध होगा, बल्कि यहां स्वयं सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों को रोजगार भी मिलेगा। कैंटीनों से 52 स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं और इन समूहों के लगभग 488 सदस्य कैंटीन के संचालन में शामिल होंगे। कैंटीनों से प्रति दिन लगभग 27,000 श्रमिकों को भोजन मिलेगा। बेस कैंटीन रणनीतिक रूप से कार्यस्थलों और प्रमुख औद्योगिक के पास स्थित की गई हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में अंत्योदय आहार योजना के तहत 100 कैंटीन खोलने की परियोजना का विस्तार करते हुए 127 कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से जहां जरूरतमंदों को किफायती दर पर खाना मिल पाएगा तो वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। सरकार की सोच है कि महिला व पुरुष श्रमिकों को किफायती दर में अच्छा खाना मिले। श्रमिक अपने नज़दीकी कैंटीन व मोबाइल कैंटीन यूनिट की लोकेशन का पता लगाने के लिए श्रम विभाग की वेबसाइट पर मोबाइल से भी देख सकते हैं, जिससे श्रमिक मैप दिशा निर्देश के ज़रिये अपने नज़दीकी कैंटीन व मोबाइल यूनिट तक आसानी से पहुंच सकते हैं। सभी स्थायी कैंटीन्स व मोबाइल यूनिट के लोकेशन को श्रम विभाग की वेबसाइट पर मैप (नक्शा) के जरिये उपलब्ध कराया गया है।

■ प्रदेश के सभी जिलों में 127 श्रमिक कैंटीन शुरू, मात्र 10 रुपये में मिलेगा भोजन

■ कैंटीनों से 52 स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 488 लोगों को मिला रोजगार

## आप की बदलाव रैली आज, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आएंगे

**जींद।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ने शनिवार को जींद में आयोजित बदलाव जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की रविवार को बदलाव जनसभा ऐतिहासिक होगी। इस बदलाव रैली को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा का दिल है, दिल में उतर जाएंगे तो पूरे हरियाणा में छा जाएंगे। इसलिए इसी बदलाव जनसभा के माध्यम और जींद की धरती से आम आदमी को हरियाणा में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेगी। इस बदलाव में पूरे हरियाणा से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत हरियाणा के 7000 गांवों से और एक हजार से ज्यादा वार्ड से लोग पहुंचकर बदलाव का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से जींद हरियाणा का सबसे ज्यादा एक्टिव क्षेत्र है।

■ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी रैली को संबोधित करेंगे

## अवैध शराब व बीयर की खेप बरामद

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री उड़दस्ते फरीदाबाद ने गुप्त सूचना के आधार पर नीलम बाटा रोड पर राम धर्म कांटा के नजदीक चल रहे शराब ठेका पर ठेका संचालक द्वारा अहाता चलाने बारे आबकारी विभाग से अनुमति ली हुई है, लेकिन संचालक द्वारा अहाता में बिना अनुमति के काफी मात्रा में शराब का स्टॉक रखा हुआ है, जो कि अवैध हैं। जिसमे कुछ अंगेजी विदेशी मार्का की मंहगी शराब व बियर रखी हुई है। सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडऩ दस्ता के डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जगदीश व सब इंस्पेक्टर सतबीर सिंह द्वारा आबकारी विभाग फरीदाबाद, हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो व स्थानीय पुलिस के साथ नीलम बाटा रोड पर मैसर्स हरपाल सिंह के शराब ठेके का औचक निरीक्षण किया गया।



शराब ठेके के पीछे बने अहाता के प्रथम तल पर बने एक अस्थाई कमरे में कई प्रकार की अंगेजी शराब व विभन्नि प्रकार बियर की बोतले रखी हुई मिली। पड़ताल पर अंग्रेजी शराब की विदेशी मार्का के विभन्नि प्रकार की करीब 52 बोतल व विभिन्न मार्का बीयर की करीब 106 पेटी रखी हुई मिली।

## फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रकाशन प्रदेश में 19725257 मतदाता : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत हरियाणा राज्य के सभी 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन 27 अक्तूबर 2023 को किया था। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि जनता से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की अवधि के दौरान प्राप्त दावें, आपत्तियों और संशोधन के संबंध में प्राप्त फार्मो अनुसार संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान कुल 525615 मतदाताओं को जोड़ा गया व कुल 425749 मृत एवं स्थायी तौर पर स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है। इसके उपरांत अंतिम रूप से तैयार की गई फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों पर 22 जनवरी 2024 को कर दिया है।

### महिला मतदाताओं की संख्या 9250796

उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन के बाद प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 19725257 है, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10474461 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 9250796 है। इनमें 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 343753 इतनी हैं, जो कि अब तक के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षणों में सबसे अधिक है। 20 से 29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 38,75,544 है। इस प्रकार, अब कुल 1000 पुरुष मतदाताओं के पीछे 883 महिला मतदाता है।

## दिव्या पाहुजा मर्डर केस का सातवां आरोपी बंगा गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गैंगस्टर संदीप गाडौली की गर्लफ्रेंड रही मॉडल दिव्या पाहुजा मर्डर केस में पुलिस ने आरोपी रवि बंगा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे राजस्थान के जयपुर से पकड़ कर लायी थी। जिसे अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।आरोपी रवि बंगा और बलराज गिल बीएमडब्ल्यू कार में दव्यिा की लाश लेकर गये थे। पुलिस इस मामले में होटल मालिक अभिजीत सिंह, मेघा, ओमप्रकाश, हेमराज और बलराज गिल को गिरफ्तार कर चुकी है।

बलदेव नगर की रहने वाली दिव्या पाहुजा (27) की 2 जनवरी को होटल सिटी पॉइंट में होटल मालिक बलजीत सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभिजीत सिंह तीन माह से दिव्या के साथ लिव-इन-रिलेशन में रहा। हत्या के बाद अभिजीत ने होटल में काम करने वाले ओमप्रकाश और हेमराज के साथ मिलकर लाश को कंबल में डालकर बाहर तक पहुंचाया। इसके बाद साथी बलराज गिल और रवि बंगा को बीएमडब्ल्यू कार और 10 लाख रुपए देकर लाश को ठिकाने लगाने के लिए भेज दिया। हत्या के बाद पुलिस ने अभिजीत सिंह, होटल के कर्मचारी हेमराज, ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया था।

■ पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया

## छेड़छाड़ करने पर ईंट मारकर हत्या, पुलिस ने दंपति को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने तीन सप्ताह पहले ईंट से चोट मारकर की गई हत्या के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरिभान और उसकी पत्नी चांदनी शामिल है।

मृतक रमेश के जीजा मुन्नालाल ने थाना मुजेसर मे दी अपनी शिकायत में बताया कि रमेश कानपुर के गांव बनीपारा का रहने वाला है जो फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रहता था। रमेश की शादी नहीं हुई है और वह कभी-कभी अपने जीजा मुन्ना लाल के पास जो पर्वतीय कॉलोनी में रहते हैं आता-जाता था। कई दिनों से रमेश अपने जीजा के घर नहीं गया तो उसका जीजा मुन्ना लाल अपने साले को ढूंढने के लिए उसके कमरे पर गया परंतु वह कमरे पर नहीं मिला तो उसके बाद वह कंपनी गया जहां उन्होंने बताया कि रमेश 4 जनवरी के बाद काम पर नहीं आया है। इसके पश्चात रमेश के परिजन उसे काफी समय तक ढूंढते रहे और जब वह नहीं मिला तो 13 जनवरी को वह मुजेसर थाने गए जहां उन्होंने रमेश की गुमशुदगी के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम ने उन्हें बीके अस्पताल में एक डेड बॉडी दिखाई जिसकी पहचान रमेश के रूप में हुई।

**शव नाले में फेंका :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ललित मंडी के पास में ही अपना छोटा सा ढाबा चलाते हैं जो रमेश उनके पास पिछले एक महीने से खाना खाने के लिए आ रहा था। 6 जनवरी को जब वह खाना खाने के लिए ढाबे पर आया तो रमेश ने हरिभान की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की जिस पर महिला ने रमेश के सिर पर चूल्हे की ईंट से चोट मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद महिला और उसके पति दोनों ने पकड़े जाने के डर से शव को ठिकाने लगाने के लिए ललित मंडी के पास बने गंदे नाले में उसके शव को फेंक दिया

## बिप्लब देब लोकसभा चुनाव के प्रभारी सुरेंद्र नागर को सह प्रभारी की जिम्मेदारी

**भाजपा ने मिशन 2024 को लेकर शुरू की तैयारी, देब पार्टी के प्रदेश प्रभारी भी हैं**

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा-2024 मिशन फतेह अभियान को तेज कर दिया है। पिछले दिनों पंचकूला, चंडीगढ़ और आसपास दौरे पर आए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा में विजयश्री का मंत्र तीनों प्रदेशों के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्षों को दिया था। हरियाणा की कमान संभाल रहे त्रिपुरा के पूर्व सीएम और बिप्लब देब सांसद के साथ-साथ अब सह प्रभारी भी सहयोग के लिए दिया गया है, इस कड़ी में सुरेंद्र नागर का नाम जुड़ गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों पर जारी सूची में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने हरियाणा भाजपा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब के साथ-साथ अब पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद सुरेंद्र नागर को सह प्रभारी बनाकर हरियाणा में प्रभारी को एक सहयोगी भी दे दिया है। सूची में आए नामों पर गौर करे, तो एक दौर में हरियाणा भाजपा प्रभारी रह चुके वरिष्ठ भाजपा नेता (महाराष्ट्र) विनोद तावडे को बिहार की जिम्मेदारी दी है। उनके साथ में दीपक प्रकाश सांसद सह प्रभारी रहेंगे। चंडीगढ़ के रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन के पास हिमाचल की जिम्मेदारी बतौर सह प्रभारी बनी रहेगी। हिमाचल के प्रभारी श्रीकांत शर्मा विधायक को बतौर प्रभारी जिम्मेदारी दी गई है।



हरियाणा और पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ की जिम्मेदारी विजय भाई रुपाणी को सौंपी है। उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता और मेरठ के रहने वाले लक्ष्मीकांत वाजपेई को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। विजय भाई रुपाणी और उनके साथ में नरेंद्र सिंह पंजाब भाजपा मामलों को देखेंगे। पड़ोसी राज्य पंजाब और चंडीगढ की जिम्मेदारी भी बेहद अहम होगी, भाजपा पंजाब में ज्यादा से ज्यादा कम खिलाने के साथ ही चंडीगढ़ की सीट को भी बरकरार रखने की कवायद में जुटी हुई है। फिलहाल, यहां से भारतीय जनता पार्टी की सांसद किरण खेर हैं।

**एक-एक सीट को लेकर रणनीति तैयार:** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी नड्डा जनवरी माह में ही पंचकूला और चंडीगढ़ में बीती छह जनवरी को रोड शो के साथ-साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री चंडीगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं हरियाणा के भाजपा नवनियुक्त अध्यक्ष नायाब सैनी समेत सारे नेताओं से लोकसभा मिशन 2024 के साथ-साथ हरियाणा में संभावित विधानसभा चुनावों को लेकर लंबी चर्चा कर चुके हैं। प्रभारी और सह प्रभारी की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद लोकसभा मिशन 2024 की मुहिम और ज्यादा तेज होने जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी पूरी टीम के साथ फील्ड में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा दिए मंत्र के अनुसार हरियाणा भाजपा टीम अभी से फील्ड में कड़ाके की ठंड में भी पसीना बहाने में जुटी हुई है ।

**कांग्रेस में खींचतान से पार्टी हाईकमान चिंतित :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस को लेकर हाई कमान के नेता चिंतित हैं। प्रदेश के अंदर कई नेताओं के अलग-अलग धड़े और गुटबाजी किसी से छिपाए नहीं छिप रही है, मिशन 2024 और विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस के सामने कई तरह की चुनौती खड़ी हैं। हालांकि नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पार्टी के अंदर किसी प्रकार की खींचतान अथवा गुटबाजी होने की बात से इनकार कर रहे हैं। उनके साथ में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह का भी कहना है कि पार्टी के सभी नेता एकजुट हैं और एक मंच पर हैं। दूसरी ओर, वरिष्ठ नेत्री पूर्व मंत्री शैलजा पूर्व मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला और पार्टी की विधायक किरण चौधरी एक मंच पर अलग अभियान चलाने में जुटे हैं। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में कांग्रेस के यह सभी धड़े एक मंच पर होंगे या नहीं यह वक्त बताएगा।

## ओपीएस व अन्य मांगों को लेकर 16 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल : लांबा




चंडीगढ़। कर्मचारियों को संबोधित करते महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा।

**चंडीगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली, ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन पांच साल में पे रिवीजन,18 महीने के बकाया डीए डीआर, खाली पदों को भरने, निजीकरण पर रोक, एनईपी की वापसी आदि सात सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी 16 राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। कर्मचारी संगठन 31 जनवरी को देशभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे और सरकार को हड़ताल का नोटिस देंगे। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर शनिवार को भकना भवन सेक्टर 29 डी में कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कनफरडेशन ऑफ यूटी एम्पलाई एंड वर्कर्स चंडीगढ़ के प्रधान रघबीर चंद की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि हड़ताल ऐतिहासिक होगी।

रोहतक
रविवार, 28 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 01
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 21.0
न्यून. 3.5




08 रोहन बोपन्ना ने जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब एबडेन के साथ बने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन











*एक फरवरी को बारिश की संभावना, फिर बढ़ेगी ठंड*

# प्रदेश में खिली धूप, लेकिन कम नहीं हो रही शीतलहर
# 24 घंटे में अधिकतम तापमान 6.5 डिग्री तक बढ़ा

*महेंद्रगढ़ और हिसार में न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री रहा*

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में एक दिन की धूप खिलने से ही पारा चढ़ने लगा है। शनिवार को सुबह से ही सूर्य देव चमकते रहे। 24 घंटे में दिन के अधिकतम तापमान में 6.5 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई। हिसार का अधिकतम तापमान 14.5 से बढ़कर 21.1 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के अन्य जिलों का भी यही हाल रहा। सभी जिलों में दिन का तापमान बढ़ा है। बीती रात महेंद्रगढ़ व हिसार में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री रहा। यहां दिन गर्म और रातें बेहद ठंडी दर्ज की गई। हालांकि शाम होती सर्दी ने सितम ढाना शुरू कर दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पहाड़ों में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से यह बदलाव देखने को मिल रहा है। अब 30 और 31 जनवरी से राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाएंगे और 1 फरवरी को बारिश होने के आसार हैं।

**मौसम**

कई जिलों में दिन गर्म और रातें बेहद ठंडी रही

■

30 और 31 जनवरी को बादल छाने की आसार



### इन जिलों में सुबह-शाम कोहरा

अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत के अलावा पंचकूला, यमुनानगर, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी में सुबह-शाम हल्का कोहरा छाएगा। कुछ जिलों में कोल्ड-डे जैसे हालात बने रहेंगे।

### अब आगे क्या

- मौसम विभाग का कहना है कि 31 जनवरी की रात से हिमालय पर ताजा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव शुरू होगा।
- पंजाब के करीब साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी विकसित होने की संभावना है।
- अरब सागर से दक्षिण पश्चिमी हवाएं व बंगाल की खाड़ी से पूर्वी हवाएं प्रणाली को नमी देंगी, सिस्टम सक्रिय होगा।
- एक फरवरी को पूरे दिन हरियाणा, चंडीगढ़ के कई हिस्सों में बादलवाही बढ़ेगी। गरज के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की हो सकती है।
- बारिश के दौरान दिन के तापमान में भी 3 और 4 फरवरी को कमी आएगी।

## हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दूसरी ओर यहां अब बारिश की संभावना भी बन रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों में पंजाब, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में रविवार को कोल्ड वेव का भी अलर्ट है। उधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई शहरों में सीवियर कोल्ड डे की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इससे ठंड और ठिठुरन से राहत मिलने की उम्मीद है। देश के 15 राज्यों में दिन की शुरुआत 27 जनवरी को भी कोहरे के साथ हुई। पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और नॉर्थ ईस्ट के 7 राज्यों में कोहरे के चलते विजिबिलिटी प्रभावित हुई। दिल्ली में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें लेट रहीं।

यूपी और पंजाब में भी हो सकती है बरसात

■

दिल्ली में सुबह घना कोहरा छाया रहा

■

तमिलनाडु के ऊटी में सुबह बर्फ की परत दिखी







हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
नए पाठक उपहार योजना-2022
माह : जनवरी
दिनांक : 28 जनवरी 2024


## बिहार में फिर 'उलटफेर', सूत्रों का दावा - जदयू-भाजपा बनाएगी सरकार

# नीतीश आज दे सकते हैं सीएम पद से इस्तीफा

*जदयू नेता त्यागी का दावा, पटना में 4 बजे फिर शपथ ग्रहण करेंगे*

*समारोह में शामिल हो सकते हैं शाह व नड्डा*

अब सबकी नजरें नीतीश कुमार के अगले कदम पर टिकीं

भाजपा सूत्रों ने कहा, कुमार के इस्तीफे तक कोई औपचारिक घोषणा न करें

तेजस्वी का दावा, बिहार में अभी असली 'खेला' होना बाकी

भाषा/एजेंसी ▶▶| पटना/नई दिल्ली

बिहार में एक बार फिर सियासी खेला हो रहा है। यहां उलटफेर को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर रविवार को तस्वीर साफ हो सकती है। शनिवार को पटना में जदयू, राजद और भाजपा सभी दलों ने अपने-अपने नेताओं के साथ बैठकें की। सूत्रों का कहना है कि नीतीश ने रविवार को भी पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है। इस बैठक के बाद नीतीश बिहार के सीएम पद से इस्तीफा देकर दोबारा भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना सकते हैं। तमाम संकेत बता रहे हैं कि आरजेडी और जेडीयू के रास्ते अलग हो गए है। जेडीयू के सासंदों ने मोदी-नीतीश साथ को जरूरी बताना शुरू कर दिया है। जेडीयू नेताओं के तेवर आरजेडी को लेकर तल्ख नजर आ रहे है। इस बीच बिहार की सियासी हलचल के बीच तेजस्वी यादव ने कहा कि वह आसानी से तख्तापलट नहीं होने देंगे। वहीं, जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता, महासचिव और नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार केसी त्यागी ने एक बड़ा दवा कर सबको चौंका दिया है। त्यागी का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को 4 बजे के आस-पास 9वीं बार सीएम पद की शपथ ग्रहण करेंगे। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। अब सबकी नजरें नीतीश कुमार के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।



**बक्सर।** बिहार में सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बक्सर के ब्रह्मेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्वनी कुमार चौबे भी मौजूद रहे। फोटो : एजेंसी

### आज ये संभव

नीतीश कुमार सुबह पार्टी विधायकों व वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे

■

10 बजे राज्यपाल को इस्तीफा सौंप सकते हैं और सरकार बनाने का दावा कर सकते हैं

■

राज्यपाल को आज ही शपथ दिलाने को भी कहेंगे, उनके साथ दो डिप्टी सीएम भी शपथ ग्रहण कर सकते हैं

### बनाए जा सकते हैं 14-14 मंत्री

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के 14 और जदयू के 14 मंत्री शपथ ले सकते हैं। एक मंत्री हम के कोटे से शपथ लेंगे। बीजेपी की ओर से 1 डिप्टी सीएम बनाने की योजना पर बात चल रही है। सूत्रों की मानें तो सुशील मोदी की वापसी होती है तो वो अकेले डिप्टी सीएम होंगे। इसके साथ ही रेणु देवी को भी डिप्टी सीएम बनाने की चर्चा है। लेकिन इस पर अंतिम फैसला अमित शाह रविवार को लेंगे।

***बीजेपी विधायक दल की बैठक से बाहर निकले केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने कहा राम की कृपा से सब काम हो रहा है। बढ़े चलो..बढ़े चलो..सुपथ पर बढ़े चलो..।***

### मंत्री इस्तीफा न दें: लालू

पटना में राजद की बैठक के दौरान तेजस्वी ने दावा किया कि असली 'खेला' होना अभी बाकी है। नीतीश हमारे आदरणीय थे और रहेंगे। वहीं लालू ने अपने मंत्रियों से कहा- अभी इस्तीफा नहीं दें।

### एनडीए का साथ नहीं छोड़ेंगे : मांझी

हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन मांझी ने कहा कि वह एनडीए के साथ हैं और रहेंगे। राजद की तरफ से उन्हें ऑफर दिए जा रहे हैं।

**कांग्रेस विधायकों की बैठक आज**

बिहार में सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के विधायक पूर्णिया पहुंच चुके हैं। ये सभी रविवार को बैठक कर अगला फैसला लेंगे।

सीएम आज पानीपत से करेंगे शुरूआत

## नौ जिलों में शुरू होगी इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा



नौ जिलों के लिए 2450 करोड़ से 450 बसें खरीदी जाएंगी

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश के नौ जिलों में इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए 2450 करोड़ रुपये से 450 बसें खरीदी जाएंगी। सीएम मनोहर लाल रविवार को पानीपत से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारम्भ करेंगे। वहीं, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सोमवार को जगाधरी, यमुनानगर से सिटी बस सेवा का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद जून तक पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, करनाल, रोहतक और हिसार में जून 2024 तक इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू हो जाएगी। गुरुग्राम, मानेसर व फरीदाबाद में मौजूदा सिटी बस सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।



## सेना की पहली महिला सूबेदार बनीं प्रीति रजक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय सेना की मशहूर ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर प्रमोट किया गया। सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। प्रीति ने 22 दिसंबर 2022 को मिलिट्री पुलिस में सेवा शुरू की थी। सेना ने यह जानकारी शनिवार को दी। प्रीती ने 2022 में चीन में हुए 19वें एशियन गेम्स में ट्रैप वुमन टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जाता था। वो फिलहाल पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 की तैयारी के लिए आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट (एएमयू) में ट्रेनिंग ले रही हैं।

### खबर संक्षेप

#### सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती में 700 पहलवान लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने कहा कि पंजाब और ओडिशा को छोड़कर सभी संबद्ध राज्य इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 700 पहलवान सोमवार से पुणे में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। भाषा

#### सुबह 7 से रात 10 बजे तक कर सकेंगे रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ने की वजह से राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन अवधि में वृद्धि कर दी है। रामलला का दर्शन सुबह 7:00 से रात 10:00 बजे तक किए जा सकते हैं। इस दरमियान 15-15 मिनट के लिए भगवान के भोग और आरती के लिए परदा लगाया जाएगा। एजेंसी

#### *पंजाब :* कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 5 जिंदा जले

**चंडीगढ़।** पंजाब के होशियारपुर में सड़क हादसे में 5 युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई। ये सभी लोग कार में सवार थे। इनकी गाड़ी को जालंधर-पठानकोट हाईवे पर दसूहा के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। एजेंसी

**सियासत** सीट बंटवारे पर बनी सहमति, 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

*अखिलेश यादव ने किया ऐलान*

# यूपी में सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से कर लिया गठबंधन!

**लखनऊ (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की शनिवार को औपचारिक घोषणा कर दी और सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया। कांग्रेस यूपी में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। अखिलेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गठबंधन की घोषणा की। यादव ने पोस्ट में कहा, 'कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीट से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा।' इसी पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी।'

### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय बोले, समिति करेगी फैसला





*अखिलेश के पोस्ट पर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, यादव के ट्वीट पर फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व और मुकुल वासनिक के नेतृत्व में गठित समिति करेगी।' सकारात्मक माहौल में बातचीत चल रही है।*

**भाजपा को हराएंगे**

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, 'हमने (सपा) उन्हें (कांग्रेस) 11 सीटों की पेशकश की है, ताकि हमारे बीच में सम्मानजनक आपसी समन्वय बना रहे और हम भाजपा को हराना चाहते हैं।' पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार कांग्रेस के संपर्क में है। प्रस्तावित सीटों की संख्या, जो अभी 11 है भविष्य में उसके बढ़ने की संभावना नहीं है।

### सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

सपा के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, हमने कांग्रेस को 11 सीटें और राष्ट्रीय लोक दल को सात सीटें दी हैं। लोकसभा चुनाव में सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा के एक अन्य वरिष्ठ नेता राजपाल कश्यप से जब सपा द्वारा कांग्रेस को दी गई 11 सीटों के नाम बताने के लिए कहा है।




## केंद्र ने केरल के राज्यपाल को 'जेड प्लस' सुरक्षा दी

**कोल्लम(भाषा)।** केरल में शनिवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद राज्यपाल कार से उतर कर सड़क किनारे बैठ गए और सीएम पिनराई विजयन पर निशाना साधा। इस बीच केंद्र सरकार ने राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड प्लस' श्रेणी कर दी। स्पष्ट रूप से नाराज दिख रहे खान ने मुख्यमंत्री विजयन पर 'राज्य में अराजकता को बढ़ावा देने' का आरोप लगाया। कोल्लम के निलामेल में शनिवार को यह घटना हुई।




# बजटः आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

**कोलकाता (भाषा)।** विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा, ''यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजकोषीय मामलों और कराधान समिति के चेयरपर्सन विवेक जालान ने उम्मीद जताई कि व्यक्तिगत आय कराधान के लिए कुछ कटौतियों को शामिल करते हुए एक सरली योजना शुरू की जा सकती है। फिक्की महिला संगठन (कोलकाता चैप्टर) की चेयरपर्सन राधिका डालमिया ने महिला उद्यमियों के लिए कर में छूट और अधिक मातृत्व अवकाश की वकालत की।



## 2027-28 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की 'फेसलेस मूल्यांकन' और 'एकल खिड़की निपटान' जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है। सीतारमण ने 'अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024' के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य ''परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है ।

# आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस के जरिए टेक्स्ट लिखकर बना सकेंगे वीडियो

■ गूगल ने एआई मल्टीमॉडल ल्यूमियर लॉन्च किया, इमेज भी वीडियो में कन्वर्ट होगी



**नई दिल्ली।** अब आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से टेक्स्ट लिखकर सीधे वीडियो बना सकेंगे। इसके लिए गूगल ने अपना लेटेस्ट AI मल्टीमॉडल ल्यूमियर लॉन्च किया है। गूगल का नया एआई मॉडल एक टेक्स्ट-टू-वीडियो और इमेज-टू-वीडियो मॉडल है। यह रियलिस्टिक और कई तरह के मोशन क्रिएट कर वीडियो बना सकता है। यानी इससे आप टेक्स्ट से सीधे वीडियो तो बना ही सकते हैं, साथ ही इमेज से मोशन वीडियो भी क्रिएट कर सकते हैं। ल्यूमियर में आपको सिर्फ टेक्स्ट या फोटो का इनपुट डालना है और एआई न्यूरल नेटवर्क आपको वीडियो क्रिएट करके दे देगा। यह टूल इमेज को एनिमेट करने और इनपुट इमेज या पेंटिंग के फॉर्मेट में वीडियो बनाने की भी सुविधा देता है। ये मॉडल इमेज और वीडियो में स्पेशल एनिमेशन और पेंटिंग बनाने की भी सुविधा देता है।

## कैसे काम करता है लूमियर मॉडल

*गूगल का नया ल्यूमियर ट्रेडिशनल वीडियो मॉडल के विपरीत एक स्पेस-टाइम यू-नेट आर्किटेक्चर को अपनाता है, जो एक ही फ्रेम के हिसाब से पूरी वीडियो प्रोड्यूस करता है। इसके विपरीत, मौजूदा एआई वीडियो मॉडल एक समय में दूर के मुख्य फ्रेमों को संश्लेषित करते हैं। इनोवेशन की ये टेक्नीक अस्थायी सुपर-रिजॉल्यूशन के बाद दूर के कीफ्रेम को सिंथेसाइज्ड करने की जरुरत को खत्म कर देती है। इससे वीडियो में स्टेब्लिटी आसानी से मिल जाती है। गूगल के रिसर्चर्स के अनुसार, टेक्स्ट-टू-वीडियो जनरेशन फ्रेमवर्क को प्री-ट्रेंड टेक्स्ट-टू-इमेज डिफ्यूजन का इस्तेमाल करके पेश किया गया है। टीम ने स्पेस-टाइम यू-नेट आर्किटेक्चर को डिप्लॉय कर के फुल फ्रेम वीडियो क्लिप जनरेट की है। इसमें स्पाटिअल और टेंपोरल मॉड्यूल को शामिल किया गया है। इससे इमेज टू वीडियो, वीडियो इनपेंटिंग और स्टाइलिश्ड जनरेशन में बढ़िया रिजल्ट मिल पाया है।*

# सीएमपीडीआई में पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया

**रांची।** सीएमपीडीआई में ध्वजारोहण कर पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार रहे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) ए.के. राणा, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, श्रीमती किरण झा, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि, सीएमओएआई के प्रतिनिधि सहित सीएमपीडीआई परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री कुमार ने कहा कि विभाग की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोयला एवं गैर-कोयला क्षेत्र में एनएमईटी के माध्यम से अन्वेषण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कुल 41 प्रस्ताव दिए गए हैं



जिसमें गैर कोयला ब्लॉक्स के 4 प्रस्ताव सहित कुल 27 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए है वहीं गैर कोयला क्षेत्र में अन्वेषण के तहत सीएमपीडीआई ने 1 बॉक्साइट ब्लॉक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है एवं कॉपर, लेड और जिंक जैसे बेस मेटल में एक प्रोजेक्ट में अन्वेषण शुरू हो गया है। दिसम्बर, 2023 तक कुल 242 रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है जिसमें 22 जियोलाजिकल रिपोर्ट्स (जीआर) और 24 प्रोजेक्ट प्रतिवेदन (पीआर) शामिल हैं।

## 29 को अम्बाला कैंट में श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र का वार्षिक उत्सव

**अम्बाला।** सत्संग, देवघर के आचार्यदेव के आशीर्वाद से, युगपुरुषोत्तम और सर्वोत्तम परीपूरणकारी श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र का पहला वार्षिक उत्सव 29 जनवरी, 2024 को अंबाला कैंट, हरियाणा राज्य भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण केंद्र में, एसडीएम कार्यालय के पास (सबाया होटल के सामने, अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के पास) सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अन्य गतिविधियों में सामूहिक प्रार्थना, ध्यान, संदेशों का वाचन, भजन कीर्तन, भंडारा और श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के जीवन और दर्शन पर चर्चा होगी। आयोजकों ने जाति, पंथ, धर्म और विश्वास से ऊपर उठकर सभी से उत्सव में भाग लेने का अनुरोध किया है।



# महिंद्रा की ऑल- इलेक्ट्रिक एक्सयूवी 400 प्रो रेंज पेश



**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज 15.49 लाख की शुरुआती कीमत पर एक्सयूवी400 प्रो रेंज के लॉन्च की घोषणा की। नवीनतम प्रो रेंज में तीन नए वेरिएंट पेश किए गए हैं। ईसी प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 3.3 किलोवाट एसी चार्जर), ईएल प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर) और ईएल प्रो (39.4 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर), प्रत्येक उन्नत सुविधाएँ और बेहतर आराम प्रदान करती है। महिंद्रा ऑल- इलेक्ट्रिक एक्सयूवी400 में गैर-लक्जरी सेगमेंट में सबसे तेज़ त्वरण है; महज 8.3 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटा, टॉप स्पीड 150 किमी प्रति घंटा। सी-सेगमेंट एसयूवी श्रेणी में परिचालन करने वाली, एक्सयूवी 400 4200 मिमी लंबी है और इसमें 2600 मिमी का व्हीलबेस है, जो इसके यात्रियों को न केवल उत्कृष्ट केबिन स्पेस और लेगरूम प्रदान करता है, बल्कि 378 लीटर / का सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास बूट स्पेस भी प्रदान करता है। 418 लीटर (छत तक)। एक्सयूवी400 अपने सेगमेंट में उच्चतम शक्ति 110 किलोवाट (150पीएस) और 310 एनएम टॉर्क प्रदान करता है, जो उच्च क्षमता 39.4 किलोवाट और 34.5 किलोवाट लिथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित है, जो भारतीय ड्राइविंग चक्र मानकों के अनुसार क्रमशः 456 किलोमीटर और 375 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है।

## पूरी तरह से स्वचालित सेवा के लिए जल्द शुरू होगा 'सीमा शुल्क 2.0': राजस्व सचिव

**नई दिल्ली (भाषा)।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि सीमा शुल्क विभाग एक पूरी तरह से स्वचालित व्यापार इंटरफेस प्रणाली- 'सीमा शुल्क 2.0' विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के आने से विश्व बैंक की रैंकिंग में देश का स्थान बेहतर होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के कार्यक्रम 'अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 समारोह' में मल्होत्रा ने कहा कि सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी मुख्य चालक बनने जा रही है। विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को 47वें स्थान पर रखा था। यह सूची पिछले साल अप्रैल में जारी की गई थी। उन्होंने कहा, ''भारत 5,000 अरब डॉलर की जीडीपी को पार कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसके बावजूद हम विश्व बैंक की रिपोर्ट में 139 देशों में 47वें स्थान पर हैं। इस लिहाज से सुधार की बहुत गुंजाइश है।'उन्होंने कहा कि 'सीमा शुल्क 2.0' के लागू होने से सीमा शुल्क विभाग और सभी हितधारकों के साथ सभी प्रक्रियाएं स्वचालित होंगी।

**नगर निगम रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. IHGJQNJ3 पुरानी प्रोपर्टी (आई.डी. नं. 10C938U103 वार्ड नंबर/पता नेहरू कॉलोनी श्री/श्रीमति NA (न्यु व पुरानी P.ID में कोई नाम नहीं है।) के नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिसका नाम श्री/श्रीमति प्रेम देवी, श्रवन कुमार, अरूण कुमार, व लक्ष्मी देव के द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है, यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांक MCR/270 I2024I 3364
दिनांक 25.01.24

हस्ता/-
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, रोहतक

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Indu Bala**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Bhom Singh**
**Vs.**
**Birajpal Singh**
CNR No. HRJR02-001566-2022
Next Date : 08.05.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Maya Devi**
**Daughter:-Maktul Singh S/o Mugli W/o Kishor Singh S/o Ram Kumar R/o Village Luhari Tehsil and District Jhajjar at present Village Satalpur Tehsil Bansaur District Alwar Rajesthan.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.05.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar***
**Sd/- (Indu Bala) Additional Civil Judge (Senior Division) Jhajjar**
Dated, this day of 18.01.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Indu Bala**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Rajesh S/o Ram Niwas**
**Vs.**
**Jaswant S/o Shishpal**
CNR No. HRJR02-000849-2023
Next Date : 04.03.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**7. DAYAWANTI WD/O RAMKISHAN S/O MOOLCHAND**
**8. BABITA D/O RAM KISHAN S/O MOOLCHAND**
**9. RAMBIR S/O RAM KISHAN S/O MOOLCHAND**
**10. SUKBIR S/O RAM KISHAN S/O MOOLCHAND**
**11. GOVIND S/O RAM KISHAN S/O MOOL CHAND**
**12. SMT. SUNITA W/O RAMBIR S/O RAM KISHAN R/O VILLAGE KHANGAHERI NEW DELHI-71**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.03.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar***
**Sd/- (Indu Bala) Additional Civil Judge (Senior Division) Jhajjar**
Dated, this day of 16.01.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Indu Bala**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Canara Bank through Neeraj Kumar**
**Vs.**
**Gagandeep Chahar**
CNR No. HRJR02-000361-2023
Next Date : 23.04.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Gagandeep Chahar S/o Pradeep Kumar Chahar**
**2. Pardeep Kumar Chahar S/o Arjun Singh Chahar, R/o Village Silani Tehsil and District Jhajjar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.04.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar***
**Sd/- (Indu Bala) Additional Civil Judge (Senior Division) Jhajjar**
Dated, this day of 19.01.2024

# मुथूट फाइनेंस को 'नेतृत्व' के लिए ब्रिक्स बिजनेस अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक, मुथूट फाइनेंस को 19 जनवरी 2024 को ली मेरिडियन, नई दिल्ली में एक शानदार पुरस्कार समारोह के दौरान प्रतिष्ठित 'ब्रिक्स-सीसीआई बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड इन लीडरशिप' से सम्मानित किया गया। यह विशिष्ट पुरस्कार द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट को पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं जम्मू-कश्मीर रियासत के महाराजा डॉ. करण सिंह द्वारा के साथ प्रदान किया गया।

# विकसित गाँव की रूपरेखा पर एनवीएन स्कूल के छात्रों द्वारा सीएम के ओएसडी के समक्ष प्रस्तुति



**पलवल।** 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर हरियाणा के पलवल जिले के गाँव भिदुकी में आयोजित हुए कार्यक्रम में एनवीएन स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रोजेक्टस के माध्यम से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह के समक्ष विकसित गाँव की रूपरेखा के बारे में एक प्रस्तुति दी। छात्रों ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि अगर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है तो उसकी शुरूआत पहले हमारे गाँव से होगी, हमे अपने गाँव को विकसित करना होगा। सीएम के ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने इन अलग अलग प्रोजेक्ट्स के बारे में एनवीएन कूल के बच्चों से बातचीत की, उनके प्रोजेक्टस को समझा और उनके द्वारा की गयी इस पहल की बहुत प्रसंसा की ।अपने संबोधन में वीरेंद्र सिंह ने जहां एकतरफ सभी को इस बात के लिए आव्हान किया कि वो प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें, वहीं वो सभी चीजों को बढ़ावा दे जिससे कि गाँव के किसानों का फायदा हो साथ ही उन्होंने एनवीएन स्कूल द्वारा प्रस्तुत किए गए विकसित गाँव की परियोजना की रूपरेखा की पूरी पूरी तारीफ की। इस अवसर पर विशेष अतिथि राजिंदर चौधरी, अपर महानिदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने संबोधन में विकसित गाँव की परियोजना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूरे गाँव के लेआउट को नए सिरे से बनाने की आवश्यकता है, इसके लिए जरुरी है कि हम किसी बड़ी रिसर्च संस्थान जैसे आईआईएम के माध्यम से एक स्टडी करवाए और शुरुआत करें कुछ पायलट प्रोजेक्ट्स के माध्यम से जिसमें हर जिले में 75 गाँव का चयन करके उनको एक नए सिरे से विकसित गाँव की रूपरेखा में ढालने का प्रयास करें।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

**इंडिया के नं 1 तांत्रिक**
**गुरु भवानी जी**
**खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
**स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी**
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
**9988289240**

**जॉब**

☛ फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाएं (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता WHATSAPP करें- 9241650814

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**
**ई.एल.एस._एस.आर.ई._टी-42 दिनांक 24.01.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस., इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस._एस.आर.ई._टी-42 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का विवरण | 02 नंबर 5400 केवीए ट्रांसफॉर्मर निर्मित मैसर्स हिंद रेक्टिफायर की मरम्मत और रखरखाव का कार्य इलेक्ट्रिक लोकोशेड सहारनपुर में कराने हेतु। | | |
| समापन/खोलने की तिथि | 21.02.2024 | | |
| लगभग लागत | ₹2,58,420.00 | अर्नेस्ट मनी | ₹5,200.00 |
| समापन अवधि | 06 वर्ष | वैधता अवधि | 45 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई०आर०ई०पी०एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा ₹1000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए | | |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए।
2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे
4. विवरण के लिए, कृपया IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 285/2024

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद–विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5407



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 5406 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 5417

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

©MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5416 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## खबर संक्षेप

### लाखों की हेरोइन सहित चार युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने जिले में अलग-अलग स्थानों से लाखों की हेरोइन सहित चार युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बरामद की गई हेरोइन की कीमत लाखों रुपये बताई गई है। अनाज मंडी भट्टू से फतेहाबाद रोड पर नागरिक अस्पताल भट्टूकलां के पास सुनील कुमार भट्टूकलां बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 140 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दूसरे मामले में राहुल निवासी नाथुसरी चौपटाल व जगतपाल उर्फ कालू निवासी गांव मेहूवाला बताया। 8.24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### पिकअप में भेड़ -बकरियां भरकर ले गए बदमाश

**यमुनानगर।** गांव फतेहगढ़ खेल ग्राउंड के पास बदमाशों ने भेड़ पालकों पर हमला कर पिकअप गाड़ी में 20 भेड़ व दो बकरियां भरकर साथ ले गए। आरोपी उत्तर प्रदेश की भाषा बोल रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खिलावाला निवासी मांगा राम ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत दर्ज कराई है।

## ईगराह में तालाब खोदाई के दौरान बड़ा हादसा

# जींद में मिट्टी ढहने से दबी सात महिलाएं, अस्पताल में दाखिल

- सभी मजदूरों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया
- महिला मजदूरों की हालत खतरे से बाहर
- मिट्टी की खुदाई में मजदूरों के साथ काम कर रही थी महिलाएं



जींद। अस्पताल में उपचार के लिए लाई गई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जींद के गांव ईगराह में शनिवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब तालाब की खुदाई कर रही सात मनरेगा मजदूर महिलाएं अचानक से मिट्टी के नीचे दब गई। आसपास काम कर रहे लोगों द्वारा तुरंत प्रभाव से मिट्टी में दबी महिलाओं को बाहर निकाल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां एक महिला को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया जबकि छह महिलाएं उपचाराधीन हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ईगराह में तालाब की खुदाई का कार्य चला हुआ है। खुदाई कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया है। शनिवार सुबह मनरेगा मजदूर तालाब खुदाई का कार्य कर रही थी। धूप अच्छी निकलने के चलते महिलाएं पास ही मिट्टी के ढेर के पास बैठ गई और धूप सेकने लगी। तभी मिट्टी का ढेर अचानक से खिसक गया और इन महिला मजदूरों के ऊपर आ गिरा। जिससे सात महिलाएं मिट्टी के ढेर के नीचे दब गई। आसपास काम कर रहे अन्य मनरेगा मजदूरों ने शोर मचाया और मनरेगा मेट प्रदीप और गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलबीर सहित अन्य ग्रामीणों की मदद से मिट्टी में दबी महिलाओं को बाहर निकाल कर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां गांव ईगराह निवासी नवीना (40), बबीता (39), नीतू (25), शारदा (38), निर्मल (33), मंजू (28), किरण (26) को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। जबकि मंजू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### हालत खतरे से बाहर



गांव ईगराह के सरपंच प्रतिनिधि कुलबीर ने बताया कि मनरेगा मजदूर तालाब खुदाई का कार्य कर रहे थे। कुछ महिलाएं धूप सेकने के लिए मिट्टी के ढेर के पास बैठ गई। अचानक से मिट्टी खिसक गई। जिसमें महिलाएं नीचे दब गई। सभी महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल कर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है और महिलाओं को मामूली चोटें आई है।




# जींद: धुंध के चलते ट्रैवल गाड़ी और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत, एक की मौत, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

गांव उझाना के निकट खनौरी की तरफ जा रही एक ट्रैवलर गाड़ी की ट्रक के साथ भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि सात गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भरती करवाया गया है। गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। दिल्ली की तरफ से ट्रैवलर गाड़ी पंजाब में संगरूर जिले के गांव बहादरपुर की तरफ जा रही थी। नरवाना एरिया से खनौरी की तरफ निकली तो उझाना गांव में नेशनल हाइवे पर एक ढाबे के सामने आगे चल रहे ट्रक से इसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबदरस्त थी कि ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार आठों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने 43 वर्षीय सतिंद्र पाल को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य सातों लोगों को उपचार के लिए पीजीआई अग्रोहा रेफर कर दिया।



मृतक सतिंद्र की फोटो।



# हरियावी सिंगर मासूम शर्मा पर महिला से छेड़छाड़ का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

हरियाणवी गायक मासूम शर्मा एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके साथ मासूम शर्मा, उसके भाई विकास व दीपक, पिता बालकराम, माता शुकंतला, हरिओम व प्रवीन और 20 अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मासूम शर्मा की मां शकुंतला देवी ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनके घर में रांझा म्यूजिक सेंटर बनाया हुआ है। 25 जनवरी को उसके बेटे बाहर गए हुए थे तो प्रवीन उर्फ सोनू, प्रवीन की पत्नी और दयानंद की पत्नी साहबो देवी उनके धर में घुस गए और उनके म्यूजिक सेंटर पर धावा बोलते हुए इसे पूरी तरह से तोड़ दिया। आरोपितों के पास लाठी और डंडे तथा राडए गंडासी थी।



मासूम ने दिए अनेक हिट गाने, सपना चैधरी के साथ कर चुके काम

### पानीपत: बैंक के तीन कर्मियों को करंट लगा, एक की मौत

**पानीपत।** पानीपत शहर में संजय चौक पर आईसीआईसीआई बैंक के तीन कर्मचारियों अक्षय, अजय व आशीष निवासी मुखिजा कालौन को बैंक का बोर्ड लगाते समय बिजली का करंट लग गया। जिससे तीनों जमीन पर गिर गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन तीनों को सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद आशीष को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अक्षय व अजय उपचाराधीन है और दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। आशीष, अक्षय, अजय आईसीआईसीआई बैंक की ऋण शाखा में एएसटी पद पर कार्यरत थे। इधर, पुलिस ने जांच के बाद आशीष के शव का सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

### दिल्ली पेरलल नहर से एसीपी के बेटे की कार बरामद

**पानीपत।** दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस यशपाल सिंह चौहान के दिल्ली पेरलल नहर लापता वकील बेटे लक्ष्य चौहान की काली ईको स्पोर्ट्स कार को बरामद कर लिया गया है। वकील के आरोपी दोस्त की निशानदेही पर दिल्ली पुलिस ने कार को सोनीपत के खरखौदा में नहर किनारे से बरामद किया है। वहीं, लक्ष्य की दो दिन से पानीपत में दिल्ली पेरलल नहर में तलाश लगातार जारी है। पानीपत पुलिस ने गोताखोरों की मदद से जाटल गांव से आगे इसराना क्षेत्र और समालखा क्षेत्र से गुजर रही नहर में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा।

## गिरोह के 8 सदस्य किए गिरफ्तार

# बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



फैक्ट्रियों में बंधक बनाकर चोरी व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीआईए-1 पुलिस ने सफलता हासिल की गई है। उक्त गिरोह के 8 सदस्यों को पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। एसपी उपासना ने बताया कि चीका निवासी अमित कुमार की शिकायत अनुसार उसने गांव माजरी मे शिव कैलाश ग्रीन एनेर्जी के नाम से फैक्ट्री लगा रखी है। 19-20 जनवरी की रात करीब 3 बजे पर उसके पास फैक्ट्री से फोन आया कि फैक्ट्री मे चोरी हो गई है। इस सूचना पर वह फैक्ट्री में आया वहां पर उसने देखा कि वर्कर काफी घबराए हुए थे। वर्कर नवीन कुमार निवासी कैलरम ने बताया कि वह फैक्ट्री मे सोए हुए थे तो सुबह करीब 2 बजे चार लड़के कमरे के अंदर आए। उन लोगो ने अपनाझअपना मुह ढका हुआ था और हाथ मे लाठी, इंटे ली हुई थी। बांधकर कहा कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे।

## यमुनानगर: पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

# गाड़ी बेचने के नाम पर हड़पे 15.5 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

गाड़ी बेचने के नाम पर पिता पुत्र ने लक्ष्मी नगर निवासी अमित सिंह ने साढ़े 15 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप कृष्णा कॉलोनी निवासी अनिल चुघ व उसके लड़के साहिल चुघ पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि कृष्णा कॉलोनी निवासी अनिल चुघ पर टोयटा गाड़ी है। अनिल चुघ व उसके लड़के साहिल ने उसे साढ़े 15 लाख रुपये में बेचना तय किया था। उसने एक फरवरी 2023 को आरोपियों को 10 लाख रुपये का चेक तथा साढ़े पांच लाख रुपये नकद दे दिए। आरोपियों ने गाड़ी पर एफडीएफसी बैंक से लोन लिया हुआ था। मगर आरोपियों ने यह बात उससे छिपा ली। इसके बाद आरोपियों ने गाड़ी उसके नाम नहीं करवाई। जब उसने आरोपियों से बात की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं देते। जांच करने पर उसे पता चला कि आरोपियों ने गाड़ी पर दो लाख 85 हजार रुपये का टोप अप लोन भी लिया हुआ है। जब उसने आरोपियों से बात कि तो वह टाल मटोल करने लगे।





वैसे तो जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत गुण और आदतें भी बहुत मायने रखती हैं। इनके बारे में कई विद्वानों और मनोवैज्ञानिकों ने अपनी किताबों में जिक्र किया है। इनमें से कुछ बेस्ट सेलर किताबें और उसमें छिपे सक्सेस सीक्रेट के बारे में जानिए।



# ये किताबें बताती हैं सक्सेस के ईजी सीक्रेट




कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

कहा जाता है कि किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। हताशा के क्षणों में किताबें उम्मीद जगाती हैं, सफल होने की राह सुझाती हैं। हम आपको यहां दुनिया की कुछ ऐसी प्रसिद्ध किताबों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अनेक लोगों के जीवन को बदल दिया और उन्हें सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

## समस्याओं का खोजें रचनात्मक हल

मनोवैज्ञानिक डेनियल काह्नमैन लिखित 2011 में प्रकाशित 'थिंकिंग, फास्ट एंड स्लो' एक लोकप्रिय प्रेरक पुस्तक है। इस किताब के मुताबिक अगर आप अकसर किसी भी समस्या के सामने आते ही बेहद चिंतित हो जाते हैं तो आपको यह समझ लेना चाहिए कि समस्या के एक ही हिस्से पर आपका नियंत्रण होता है, वह है आपकी प्रतिक्रिया। समस्याएं हमारे भीतर के सर्वश्रेष्ठ गुणों को बाहर निकालती हैं, क्योंकि मुसीबत में ही हम अपनी क्षमताओं के बारे में सही ढंग से चिंतन कर पाते हैं। इसलिए जब आप चिंतित होने की बजाय किसी समस्या को रचनात्मक तरीके से हल करने की कोशिश करेंगे, तो ज्यादा प्रभावशाली बनेंगे। परिणामस्वरूप आप खुद को पहले से ज्यादा बड़ी और कहीं ज्यादा समस्याएं हल करने के लायक बना लेंगे।




## स्वतंत्रता में निहित हो आत्मसंयम

स्वामी चिन्मयानंद द्वारा लिखित किताब 'किंडल लाइफ' के अनुसार मनुष्य का मूल स्वभाव पूर्ण स्वतंत्रता है। लेकिन उसकी स्वतंत्रता अनिवार्य रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण, आत्मसंयम और अनुशासनयुक्त होनी चाहिए। यह आप पर निर्भर करता है कि आप सीमा में रहकर अपनी क्षमता से जीवन को उत्कृष्ट बनाएं या उसकी उपेक्षा करके अपने लिए दुख आमंत्रित करें। स्वच्छंदता वास्तव में स्वतंत्रता नहीं है। इसका परिणाम है, विनाश। प्रकृति के नियम के अंतर्गत रहकर जीने से ही व्यक्ति सफल हो सकता है।

## सफलता में सहायक अच्छी आदतें

जेम्स क्लियर की प्रसिद्ध किताब 'एटॉमिक हैबिट्स' बताती है कि सभी बड़ी चीजों की शुरुआत छोटे प्रयासों से होती है। एक छोटा निर्णय ही आदत का वह बीज होता है, जो आपको आगे बढ़ाता है। जब आप एक सही निर्णय को बार-बार दोहराते हैं तो आदत के रूप में वह ज्यादा शक्तिशाली बनने लगता है। क्या आप आमदनी से कम खर्च करते हैं? क्या आप नियमित जिम जाते हैं या एक्सरसाइज करते हैं? क्या आप रोज पुस्तक पढ़ते हैं? क्या आप रोज कोई नई चीज सीखते हैं? ये ऐसी छोटी-छोटी बातें हैं, जो आपकी सफलता और असफलता के बीच के अंतर को प्रभावित करती हैं। अच्छी आदतों के महत्व को समझें, आपकी सफलता की पहली सीढ़ी यही है।

## प्रगति के लिए दूर करें डर

किताब 'करेज एंड कॉन्फिडेंस' को एक अमेरिकी प्रोटेस्टेंट पादरी और लेखक नॉर्मन विंसेंट पील ने लिखा था। उनकी किताब के अनुसार डर लोगों को शारीरिक रूप से बेहद कमजोर बना देता है। जब आप बोलना चाहते हैं तो डर आपको बोलने नहीं देता। कुछ करना चाहते हैं तो ये आपको कुछ करने नहीं देता। देखा जाए, तो किसी ना किसी रूप में डर लोगों को वह हासिल करने से रोकता है, जो वे जीवन में वाकई हासिल करना चाहते हैं। इसलिए डर का असली कारण क्या है, यह पता करें। देखें कि आप किस चीज से डर रहे हैं, फिर अपने काम व मेहनत से इस डर को दूर करें।

## पॉजिटिव थिंकिंग की पावर समझें-अपनाएं

नॉर्मन विंसेंट पील की प्रसिद्ध किताब 'द पॉवर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग' भी सफलता के उपाय बताती है। किताब के मुताबिक अगर आपके मन में यह विश्वास है कि आप कोई भी काम कर सकते हैं तो आपके लिए रचनात्मक समाधानों का रास्ता खुल जाता है। जबकि यह विश्वास या शंका कि कोई काम नहीं किया जा सकता है, आपकी कमजोर सोच को दर्शाता है। यह सोच आपको असफलता की ओर ले जाती है। वहीं अगर आपको विश्वास है कि आप अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का हल ढूंढ़ सकते हैं और खुद पर विश्वास करेंगे, तो आप रचनात्मक रूप से सोचना शुरू करेंगे और सफलता की राह पर चल पड़ेंगे।

## चमत्कारी होती हैं मन की शक्तियां

आयरिश लेखक जोसेफ मर्फी की किताब 'द मिरेकल्स ऑफ योर माइंड' बताती है कि हमारे मन के दो पहलू होते हैं। चेतन मन बाहरी चीजों की जानकारी रखता है, जबकि अवचेतन मन आंतरिक चीजों की। मानव जीवन में अवचेतन मन का महत्व सबसे ज्यादा होता है। अवचेतन मन मिट्टी की तरह होता है। आप इसमें जो भी बीज डालेंगे, यह उसे स्वीकार कर लेगा। चाहे, बीज अच्छा हो या बुरा। आप जिस भी चीज को सच मानते हैं और जिसमें विश्वास करते हैं, उसे आपका अवचेतन मन स्वीकार कर लेगा। अवचेतन शक्तियों के सदुपयोग की योग्यता से ही सारे महान वैज्ञानिक और शोधकर्ता सफल हुए हैं। अपने भीतर अवचेतन शक्तियों के उपयोग से आप भी सफल हो सकते हैं।

इस तरह ये मोटिवेशनल किताबें आपको सक्सेसफुल बनाने में बहुत मददगार हो सकती हैं, बशर्ते आप इनमें बताए गए सूत्रों को अपने जीवन में अपना लें। *

लाइफस्टाइल / अंजू जैन

बेहतर, सुकून भरी और ऊर्जावान जिंदगी के लिए आपके व्यक्तित्व में कुछ गुणों का होना जरूरी है। ये सभी गुण आपके ई क्यू, आई क्यू और एस क्यू से निर्धारित होते हैं। इनके बारे में आप जरूर जानना चाहेंगे।

# ई क्यू+आई क्यू+एस क्यू बढ़ाए कॉन्फिडेंस-एनर्जी

जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, चाहे वो आर्थिक हो या सामाजिक, पारिवारिक हो या फिर मानसिक-शारीरिक सेहत से संबंधित, अगर आप अपने भीतर ईक्यू, आईक्यू और एसक्यू की त्रिशक्ति को जागृत कर लें और इनका संतुलन साध लें तो आपमें एनर्जी और कॉन्फिडेंस की कमी नहीं रहेगी। इस तरह आपका हर क्षेत्र में कामयाब होना तय हो जाएगा। यहां हम जिस त्रिशक्ति की बात कर रहे हैं, वे भावनाओं, बौद्धिकता और आध्यात्मिक जागृति की शक्तियां हैं। इनका संतुलन आपको अद्भुत आत्मविश्वास, ऊर्जा और क्षमता की शक्ति दे सकता है। जाहिर है, इनकी वजह से आपकी कहीं हार नहीं होगी, ना ही कभी हताशा और निराशा का सामना करना पड़ेगा।

**ई क्यू यानी इमोशनल कोशेंट** : लोगों से संपर्क करना हो या रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा छोटा-बड़ा कोई निर्णय लेना हो, हमारा आचरण और हमारी कोई भी एक्टिविटी, इमोशंस यानी भावनाओं से ही नियंत्रित होती है। इमोशनल कोशेंट बहुआयामी होता है। इसके तहत समानुभूति यानी दूसरों की संवेदनाओं और उनके मन को समझना, सामाजिक कौशल यानी किस वक्त, किसी व्यक्ति से कैसा व्यवहार करना चाहिए, स्व-नियंत्रण यानी अपनी अच्छी-बुरी भावनाओं को काबू में रखना, आत्म जागरूकता यानी अपनी क्षमताओं की सही-सही जानकारी और स्वप्रेरणा यानी कभी भी हतोत्साहित या निराश ना होना और खुद को सदैव ऊर्जावान रखना आदि गुण समाहित होते हैं। इन गुणों को बढ़ाने के साथ-साथ बुरी या कहें नकारात्मक भावनाओं जैसे-क्रोध, भय, ईर्ष्या आदि से दूरी रखने से ई क्यू बढ़ती है।




**आई क्यू यानी इंटेलिजेंस कोशेंट** : यह बात जग जाहिर है कि बौद्धिक क्षमता का अच्छा स्तर हमें किसी भी कार्य को सही तरीके से करने की युक्ति सुझा सकता है। बुद्धिमत्ता यानी अच्छी बौद्धिक क्षमता का यह मतलब कतई नहीं कि आप दुनिया की हर स्किल को सीख लें या हर फील्ड, भाषा या तकनीक आदि पर आपकी पकड़ मजबूत हो जाए। इसका सीधा अर्थ यह है कि आप में प्रेजेंस आफ माइंड होना चाहिए। आपको यह मालूम होना चाहिए कि किस काम के लिए आप किसे हायर कर सकते हैं या किसकी मदद ले सकते हैं? किस व्यक्ति को कैसे अपने फेवर में लाया जा सकता है या अपने प्रस्ताव को मनवाया जा सकता है? कहां आपको बोलना चाहिए और कहां चुप रहना चाहिए? अपने अच्छे बौद्धिक स्तर से आप अपने लिए अच्छे-बुरे का निर्णय ले सकते हैं। नेगेटिव लोगों से दूरी बना सकते हैं और अनावश्यक कामों और व्यवधानों से बच सकते हैं। जाहिर है, ये सारे गुण आगे बढ़ाने और सफलता पाने में मदद करेंगे।

**एस क्यू यानी स्पिरिचुअल कोशेंट** : आध्यात्मिक शक्ति की मदद से आप अपनी क्षमताओं को सर्वोच्च स्तर पर ले जा सकते हैं। इसकी मदद से आप मन को शांत रख सकते हैं। साथ ही मस्तिष्क को ऊर्जावान और सकारात्मक रूप से सक्रिय भी रख सकते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि इस विशेषता की वजह से आप सबके प्रिय बनेंगे और प्रगतिपथ पर अग्रसर रहेंगे।

**तीनों का है गहरा संबंध** : यहां जिक्र किए गए तीनों गुणों के बारे में यह समझना जरूरी है कि ई क्यू और आई क्यू का परस्पर गहरा संबंध है। आपका कमजोर इमोशनल कोशेंट आपके इंटेलिजेंस कोशेंट का लेवल कम कर सकता है। इसी प्रकार कमजोर इंटेलिजेंट कोशेंट, आपके इमोशनल कोशेंट का लेवल कमजोर कर सकता है। इन दोनों को संतुलित रखने और इनका स्तर ऊंचा रखने में आपकी मदद करता है एस क्यू। आध्यात्मिक गतिविधियों का अभ्यास और इसका सहारा आपको मूल्य आधारित, ईमानदार, सात्विक, निष्ठावान और सच्चा जीवन जीने की प्रेरणा देता है। जाहिर है, इससे आपके मन को शांति-सुकून तो मिलता ही है, सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा भी बढ़ती है। *

बोर्ड एग्जाम के नाम से ही कुछ छात्रों के मन में तनाव होने लगता है। इस डर से वे अच्छी तैयारी भी नहीं कर पाते हैं। इससे बचने के लिए क्या करें, छात्रों के लिए यूजफुल सजेशंस।

# बिना डरे करें एग्जाम की तैयारी

एडवाइस
दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'


फरवरी से सीबीएसई सहित कई अन्य बोर्डों की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। बोर्ड परीक्षा के नाम से ही किशोर छात्रों में तनाव पैदा होना नई बात नहीं है। घबराहट और बेचैनी से रात की नींद और दिन का चैन गायब हो जाता है। इस मनोदशा के लिए एग्जाम फीवर और एग्जामिनोफोविया जैसे शब्द प्रचलन में हैं। जबकि चिकित्सकीय शब्दकोश में इन दोनों शब्दों का नामों निशान नहीं है। बहरहाल, परीक्षा के तनाव को नियंत्रित किया जाना जरूरी है, समय रहते इस पर काबू ना पाया गया तो कभी-कभी छात्र अवसादग्रस्त हो जाते हैं। आजकल किशोरों में अवसाद की स्थिति आत्महत्या का कारण तक बनने लगी है, जोकि अत्यंत चिंताजनक बात है।

**पैरेंट्स से करते रहें बातचीत**: एग्जाम के तनाव से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्टूडेंट्स अपने पैरेंट्स से संवाद बनाए रखें। खुलकर बात करें। अपनी रुचि-अभिरुचि से उन्हें अवगत कराएं। यहा तक कि अपने कमजोर पक्षों को भी पैरेंट से शेयर करनें में ना झिझकें। बोर्ड की परीक्षाएं डरावनी लगें, तनाव का कारण बन रही हों तो स्वयं अपने भीतर उन कारणों को खोजें, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। निश्चित रूप से इसकी मूल वजह मिल जाएगी। पैरेंट्स की बड़ी अपेक्षाएं, अपने को औरों की तुलना में कमतर आंकना, आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, मित्रों-अभिभावकों से अपनी समस्या शेयर ना करना और टीनएज मानसिकता जैसे कुछ कारण इस समस्या के लिए उत्तरदायी होते हैं। इसके लिए पैरेंट्स भी अपने बच्चों से बातचीत करके उनकी मदद कर सकते हैं।



**समस्या का खोजें समाधानः** जब समस्या का पता चल जाए तो समाधान खोजना मुश्किल नहीं होगा। अगर आपकी चिंता और तनाव का कारण माता-पिता की लंबी-चौड़ी उम्मीदें हैं तो उनसे बात करें। बेझिझक अपनी स्थिति से उन्हें अवगत कराएं। वे सहानुभूति के साथ आपको जरूर समझेंगे और समाधान तलाशने का रास्ता भी दिखाएंगे। बच्चों के जीवन में पैरेंट से महत्वपूर्ण भूमिका किसी और की नहीं होती है। किसी भी दशा में समस्या को अपने अंदर पालकर घुटन का कारण ना बनने दें।

**तुलना करने से बचेंः** कभी-कभी बच्चे अपने उन क्लासमेट्स से अपनी पढ़ाई-लिखाई की तुलना करने लगते हैं, जो विद्यालय में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं। यह तुलना ठीक नहीं है। हर बच्चे की अपनी क्षमता और लर्निंग स्टाइल होती है। इसलिए दूसरे से अपनी तुलना करके अनावश्यक तनाव को नहीं बढ़ाना चाहिए।



**आत्मविश्वास बनाए रखें** : किसी भी परीक्षा में अच्छे अंक लाने और परीक्षा पास कराने का सबसे सफल सूत्र है कि आत्मविश्वास बनाए रखें। पढ़ाई के समय मन को तनाव, बेचैनी और दुश्चिंता से बचाएं। एकाग्र होकर पढ़ें। फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ के साथ हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान सब्जेंट्स भी पढ़ते रहें, उन्हें इग्नोर ना करें। अच्छा स्कोर लाने में सभी सब्जेक्ट्स के नंबर्स जुड़ते हैं।

**इनका भी रखें ध्यानः** एग्जाम के डर से हमेशा पढ़ते रहना अच्छी बात नहीं है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में भी पर्याप्त नींद लेना जरूरी होता है। तली-भुनी चीजों और फास्ट फूड से परहेज रखें, इससे आलस महसूस होती है। एक बार में ज्यादा ना खाएं, इससे भी नींद और आलस्य बढ़ता है। लेकिन भूखे रहकर भी ना पढ़ते रहें। थोड़ा-थोड़ा तीन-चार बार में खाएं। कुछ समय खेलकूद और मनोरंजन के लिए भी निकालना अच्छा रहता है। जब पढ़ाई से थकान आ जाए तो कुछ देर घूम-टहल लें। यहां बताई गई बातों के अलावा परीक्षा के परिणाम के बारे में अभी से सोचना शुरू ना कर दें। इससे अनावश्यक तनाव होगा। फिलहाल केवल तैयारी पर ही फोकस करें। *

लघुकथा / गोविंद भारद्वाज

# नेम प्लेट



सोमदत्त जी ने अपने दोनों बेटों में अपनी संपत्ति का बंटवारा बराबर-बराबर कर दिया था। दोनों बेटे और बहुएं बहुत खुश थे।

एक दिन सोमदत्त जी सुबह की सैर करके घर लौटे तो बड़े हैरान रह गए। उन्होंने घर में प्रवेश करते ही बड़े बेटे से पूछा, 'अरे बड़के, तुमने घर की नेम प्लेट कब बदल दी और क्यों बदली?' 'वो क्या है बाबू जी... जब यह घर आपने हमारे नाम कर दिया है तो नेम प्लेट इन्होंने खुद के नाम की लगवा ली...।' बड़का कुछ जवाब देता उससे पहले ही बहू बोल पड़ी।

'क्या मेरी नेम प्लेट लगी रहने से तुम्हारा घर नहीं रहता यह?' सोमदत्त जी ने दुखी स्वर में पूछा। 'बाबूजी... कोई दूसरे का नाम थोड़ी लिखा है नेम प्लेट पर, है तो आपके बेटे का ही नाम...।' बहू ने पलट कर जवाब दिया। 'तो इससे पहले भी तो किसी दूसरे का नाम थोड़ी लिखा था नेम प्लेट पर...। लिखा था तो पापा के पिताजी जी का ही ना..।' सोमदत्त जी के इकलौते पोते ने तपाक से अपनी मम्मी से कहा।

यह सुन सोमदत्त जी ने पोते को सीने से लगा लिया। उनकी आंखों में आंसू आ गए। *

जमाना बहुत बदल चुका है, अब अधिकांश लड़कियां जॉब में हैं, वे अपने पति का चयन बहुत जांच-पड़ताल के बाद कर रही हैं। मिस मलिका की जैसे ही सरकारी नौकरी लगी, उन्होंने अपना पति चुनने के लिए साक्षात्कार लेना शुरू किया, साक्षात्कार में जो प्रश्न पूछे, आप जरूर जानिए।

# पति चुनने के लिए एक साक्षात्कार

व्यंग्य
केदार शर्मा 'निरीह'

भारतीय संस्कृति में स्त्री के जीवन में पति का स्थान अधिक संवेदनशील और उसके भाग्य का निर्णायक माना जाता है। अगर वह जी का जंजाल मिल गया तो फिर ऊपर वाला ही मालिक है। अगर वह बेरोजगार है तो पत्नी की जिंदगी एक आफत सी हो जाती है। केवल पत्नी नौकरी में हो तो उस बेचारी की और आफत हो जाती है। पहले जॉब में दिन भर खटो, फिर घर आकर घरेलू कामों में जुटो। अगर वह नौकरी वाले से विवाह करती है तो भी दो पाटन (घर और ऑफिस) के बीच में पति-पत्नी संग बच्चे भी पिसते हैं। इसीलिए मिस मलिका की ज्यों ही सरकारी नौकरी लगी, उसने उसी समय तय कर लिया कि जब पति इतना महत्वपूर्ण जीव होता है तो वह ऐसे जीव का चयन साक्षात्कार के माध्यम से ठोक-बजाकर ही करेगी। वह दो पाटों के बीच नहीं फंसेगी। अगर वह कमाएगी तो उस पति नामक जीव को घर संभालना ही होगा। साक्षात्कार में कई बेरोजगार युवकों ने भाग लिया। यह एक तरह से स्वयंवर का ही आधुनिक वर्जन था। जिस बंदे का पति के रूप में मिस मलिका ने चयन किया, उसका साक्षात्कार इच्छुक बेरोजगारों के लिए जनहित में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मिस मलिका** : मि. चरणदास आप हाउस हसबैंड ही क्यों बनना चाहते हैं?

**चरणदास** : जी, पहले तो केवल हसबैंड ही बनने का सपना था, पर इस कमबख्त बेरोजगारी ने ऐसा बैंड बजाया कि शादी के बैंड के बजने की नौबत ही नहीं आ रही है। कई परीक्षाओं की तैयारी के बाद भी सफलता नहीं मिली और जब अब स्वयंवर की तर्ज पर साक्षात्कार के माध्यम से पति चुने जाने लगे हैं तो अब आशा बंधती है कि हो सकता है ईश्वर ने मुझे इस काम के लिए ही पैदा किया हो?

**मिस मलिका** : आपको कोई हीन भावना तो अनुभव नहीं होगी, कुछ लोग आपको 'जोरू का गुलाम' जैसे तमगों से सम्मानित भी कर सकते हैं।

**चरणदासः** जब मैं बेरोजगार हूं तब भी लोग निखट्टू, रोडपति, निकम्मा जैसी पदवियों से नवाजते रहते हैं। हाउस हसबैंड कोई बुरा काम नहीं है। एक तो लाइफ टाइम है, दूसरी बात कमाने का झंझट खत्म। जीने के लिए कोई न कोई काम तो करना ही था। जब महिलाएं हाउस वाइफ के साथ-साथ परंपरागत रूप से पुरुषों के माने-जाने काम भी कर रही हैं तो पुरुष हाउस हसबैंड का काम क्यों नहीं कर सकता है?



**मिस मलिका** : इस पद के जॉब चार्ट के मुताबिक खाना बनाने और स्पेशल डाइट के लिए तरह-तरह के व्यंजन बनाने में निपुण होना अनिवार्य है। क्या आप यह सब कर लेंगे?

**चरणदास** : जी, एक बार पिताजी ने डांट पिलाई थी तो नाराज होकर शहर चला गया था, जहां एक होटल के मेस में ही काम सीख-सीख कर शेफ तक का काम कर चुका हूं। ये लीजिए अनुभव प्रमाण-पत्र। (सौंपता है और मिस मलिका अवलोकन करती हैं)

**मिस मलिका** : फर्श पर पोंछा लगाना, जाले साफ करना, घर में पूरी तरह साफ-सफाई रखना दूसरा महत्वपूर्ण काम है। इस बारे में आपका क्या अनुभव है?

**चरणदास** : जी, कभी किया तो नहीं पर पोंछा लगाती हुई, सफाई करती हुई महिलाओं के काम का अवलोकन बचपन से करते आए हैं, सोचा भी न था कि उस सूक्ष्म निरीक्षण का यह अनुभव भी कभी जीवन में काम आ सकता है।

**मिस मलिका** : वाशिंग मशीन चलाना और कपड़ों पर प्रेस करने का काम भी आता है या नहीं?

**चरणदासः** जी, मैं शीघ्र ही सीख लूंगा, बस यही काम सीखने से रह गया था। यह लीजिए, भविष्य में सीख लेने का अग्रिम शपथपत्र। (सौंपता है)

**मिस मलिका** : यदि आपका हाउस हसबैंड के लिए चयन हो जाता है तो आापकी कोई विशेष अपेक्षा?

**चरणदास** : जी, यदि कोई काम गलती से गलत हो जाए तो प्यार से समझा दीजिएगा, बस।

**मिस मलिका** : (मुस्कराकर) अरे! इतना भी डरने की जरूरत नहीं है। वैसे डरने वाला पति ही मेरी पहली पसंद है, लेकिन याद रखना सबके सामने डर जाहिर नहीं होना चाहिए। दिखने में हसबैंड जैसे नहीं लगे तो तीन नोटिस देकर बर्खास्त करने का अधिकार भी मेरे पास सुरक्षित रहेगा। वैसे आप स्मार्ट तो लगते हैं वो बात अलग है, पर ज्यादा स्मार्ट बनने की कोशिश मत करिएगा। आखिरकार आप एक हसबैंड बनने जा रहे हैं, हसबैंड प्लस हाउस हसबैंड! *

**लेखक ध्यान दें...**

लेखक रविवार भारती में प्रकाशनार्थ अपनी रचनाएं / लेख कृपया ई-मेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर भेजें।





# सागर की लहरों के बीच मनमोहक नजारे लक्षद्वीप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत 3 जनवरी को लक्षद्वीप के दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया में ट्रेंड होने के बाद से पूरे देश में वैकेशन का टॉप डेस्टिनेशन लक्षद्वीप बना हुआ है। वास्तव में लक्षद्वीप है ही ऐसा स्थल, जिसकी खूबसूरती मन को मोह लेती है। इसका अनुभव आप यहां पहुंचकर ही कर सकते हैं।

टूरिस्ट स्पॉट / देवेंद्रराज सुथार

कल्पना करें उन अनुभूतियों की जब सागर की लहरें तटों से टकरा रही हैं, नारियल के पेड़ हवा में झूम रहे हैं, स्थानीय आतिथ्य की गर्माहट आपको घेर रही है, सूरज की किरणें आपकी त्वचा को धीरे से स्पर्श कर रही हों और हवाएं, पानी की लहरों की ध्वनि से भरी हों। यह अद्भुत आनंद लक्षद्वीप की यात्रा का हिस्सा है, क्योंकि लक्षद्वीप शहरी जीवन की हलचल से दूर शांति का निलय है। चाहे आप प्रकृति प्रेमी हों, समुद्र तट प्रेमी हों या शांतिपूर्ण विश्राम की तलाश में हों, लक्षद्वीप का उष्णकटिबंधीय स्थल विश्राम और रोमांच का एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। वैसे तो अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप 36 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है, लेकिन इस सुरम्य द्वीपसमूह में कुछ खास आकर्षण हैं, जो पर्यटकों को यहां बार-बार खींच लाता है।



भुला नहीं पाएंगे कैनोइंग का रोमांच

**मिनिकॉय द्वीप :** यह लक्षद्वीप का सबसे दक्षिणी और सबसे बड़ा द्वीप है। यह कोच्चि से 398 किमी. दूर स्थित है। यह 10.6 किमी. लंबा है। इसे स्थानीय तौर पर मलिकू कहा जाता है। यह द्वीप अपने पारंपरिक नृत्य लावा के लिए मशहूर है। यह नृत्य उत्सव के मौकों पर किया जाता है। यहां की रंग-बिरंगी नौकाओं की रेस को जाहधोनी कहा जाता है। यहां रहने वाले कई लोग दुनिया भर के जलीय जहाजों में नाविक के तौर पर काम करते हैं।

**कदमत द्वीप :** यह एक मनोरम मूंगा द्वीप है, इसे कोरोमंडल द्वीप के रूप में भी जाना जाता है। यह 8 किमी. लंबा और केवल 550 मीटर चौड़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 3.20 वर्ग किमी. है। इसके पश्चिम के खूबसूरत उथले लैगून, वाटर स्पोर्ट्स के शौकीनों को बहुत प्रिय हैं। कदमत के पूर्व में एक संकरा लैगून है। यह द्वीप स्नॉर्कलिंग और गहरे समुद्र में गोताखोरी जैसी गतिविधियों के लिए अनुकूल माना जाता है।

**करावत्ती द्वीप :** यह केरल के नगर कोच्चि के पश्चिमी तट से लगभग 398 किमी. दूरी पर है। लक्षद्वीप के इस सबसे विकसित द्वीप पर करावत्ती प्रशासन का मुख्यालय है। यहां सफेद रेत पर शांत सैर और मनोहारी सूर्यास्त के दृश्य का आनंद ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त यहां एक समुद्री संग्रहालय भी है, जो समुद्री जीवन की शानदार झलक पेश करता है।

**कल्पेनी द्वीप :** कोएफैनी के नाम से भी जाना जाने वाला यह द्वीप तीन द्वीपों का (चेरियम, पिट्टी और तिलक्कम) एक समूह है। यह द्वीप चारों ओर अपने खूबसूरत लैगून के लिए प्रसिद्ध है। यह स्कूबा डाइविंग, स्नोर्कलिंग, रीफ वॉकिंग, कैनोइंग, कयाकिंग और नौकायन सहित जल खेलों का आनंद लेने के लिए एक शानदार स्थान है। यहां से नाव के जरिए पिट्टी द्वीप तक पहुंचकर पिट्टी पक्षी अभयारण्य में खूबसूरत पक्षियों को देख सकते हैं, उनका मनोरम कलरव सुन सकते हैं।



अमेजिंग होता है यहां गोताखोरी का मजा

**बंगाराम एटोल :** यह द्वीप अपनी प्राकृतिक सुंदरता और क्रिस्टल-क्लियर साफ पानी के लिए पैराडाइज आइलैंड के रूप में जाना जाता है। इसकी लंबाई 8.1 किमी. और अधिकतम चौड़ाई 4.2 किमी. है। यह हिंद महासागर में कोच्चि से 400 किमी. दूर स्थित है। यहां आप गोताखोरी करने का आनंद ले सकते हैं।

**अमिनी बीच :** यह प्रसिद्ध समुद्र तट मूंगा बलुआ पत्थर से सुसज्जित है और एक सुरम्य वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां ढेर सारी वॉटर एक्टिविटीज की जा सकती हैं।

**थिनकारा द्वीप :** यह अगत्ती द्वीप से केवल 40 मिनट की दूरी पर स्थित है। यहां शानदार समुद्री वनस्पति और जीव-जंतु देखे जा सकते हैं, जो इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं।

**आवश्यक प्रमाण पत्र :** यह जानना आवश्यक है कि लक्षद्वीप की अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए लक्षद्वीप प्रशासन से एक अनिवार्य मंजूरी प्रमाणपत्र प्राप्त करना होता है। इसके लिए ट्रैवलिंग एजेंसीज से आप संपर्क कर जाने, आने और ठहरने की भी व्यवस्था कर सकते हैं। *

### कैसे पहुंचें

**लक्षद्वीप तक** पहुंचने का एकमात्र रास्ता कोच्चि से है। कोच्चि पहुंचकर आप पानी के जहाज या उड़ान से यात्रा का विकल्प चुन सकते हैं। आप कोच्चि की उड़ान से बंगाराम और अगत्ती द्वीपों तक पहुंच सकते हैं। कोच्चि तक आप देश के किसी भी कोने से रेल या हवाई जहाज से पहुंच सकते हैं। *



# सभी स्थलीय जंतुओं से तेज रफ्तार का शहंशाह चीता


सभी स्थलीय जानवरों में चीते को रफ्तार का शहंशाह कहा जाता है। आखिर चीते की तेज रफ्तार का क्या राज है, रफ्तार के अलावा उसकी अन्य विशेषताएं क्या हैं और देश-दुनिया में चीते की संख्या कितनी बची है?

वन्यजीव / के. पी. सिंह



धरतीवासी चार पैरों वाले जानवरों में चीता सबसे तेज गति से दौड़ता है। चीता लगभग 113 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है। आपको हैरानी होगी कि कुछ क्षणों के लिए चीता की रफ्तार 120 से 125 किलोमीटर प्रतिघंटे भी हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि चीता महज तीन सेकेंड के भीतर 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ लेता है, जबकि अच्छी से अच्छी स्पोर्ट्स कार को भी इतनी रफ्तार हासिल करने के लिए कम से कम छह सेकेंड लग जाते हैं। इसका मतलब है कि चीता की पिकअप तेज रफ्तार मोटर कार से भी तेज है। चीता की रफ्तार इतनी तेज होती है कि दौड़ते समय यह आधे वक्त तक हवा में ही रहता है। चीता दौड़ते हुए 7 मीटर यानी करीब 23 फीट तक की लंबी छलांग लगा सकता है। लेकिन इस गति से यह एक बार की दौड़ में 3.21 किलोमीटर से 4.02 किलोमीटर तक ही दौड़ पाता है।

**अनोखी शारीरिक संरचना :** सवाल है, चीता इतनी तेज रफ्तार से कैसे दौड़ लेता है? इसका जवाब है, चीते के शरीर की अनोखी बनावट। इसकी रीढ़ की हड्डी बहुत लचकदार और छाती बहुत गहरी होती है। सभी 'बिग कैट्स' में चीता का वजन सबसे कम होता है। आमतौर पर चीतों का वजन 49.89 किग्रा. से 63.50 किग्रा. के बीच होता है। चीता का सिर छोटा और गोल होता है, जबकि पैर लगभग 30 इंच लंबे होते हैं, जो गतिविज्ञान के नियम के मुताबिक रफ्तार के लिए अनुकूल होते हैं। चीते के पैरों पर विशेष किस्म के पैड होते हैं, जो कर्षण (ट्रैक्शन) में उसकी मदद करते हैं। इसकी लंबी पूंछ तेज रफ्तार से दौड़ते समय उसके शरीर का संतुलन बनाती है। चीते की आंखों से हमेशा एक खास तरह के आंसू बहते रहते हैं, जो उसकी आंख के एक कोने से मुंह तक चलते हैं। ये आंसू दिन में शिकार करते समय आंखों में पड़ने वाली रोशनी की चमक से उसे बचाते हैं।



**चीतों का स्वभाव:** दुनिया में चीतों की कई प्रजातियां हैं। जंगल में रहने वाले चीते की आयु करीब 12 से 13 साल होती है, जबकि पिंजरे में रहने वाले चीते की अधिकतम आयु 20 साल तक हो सकती है। चीता मुख्यतः छोटे हिरणों, छोटे स्तनधारियों और पक्षियों का भी शिकार करता है। जब चीता शिकार करता है तो वह तेज गति से दौड़कर अपने शिकार को दबोचता है। फिर सबसे पहले अपने पंजों का उपयोग करते हुए, उसकी गर्दन तोड़कर मार देता है। चीता मूलतः बहुत शर्मीला जानवर है, इसलिए यह शिकार के अलावा ज्यादातर समय अकेले रहता है। मादा चीता या तो अपने शावकों के साथ होती है या फिर वह भी अकेली रहती है। मादा चीता आमतौर पर एक, दो या पांच से छह तक शावकों को जन्म देती है, जिन्हें उसे अकेले ही पालना होता है। बच्चों को शिकार करना मादा सिखाती है और इसके लिए काफी लंबी ट्रेनिंग देती है। इसके लिए मादा किसी छोटे जीवित मृग को उनके पास लाती है और उन्हें ट्रेनिंग देती है। चीता, शेर और बाघ की तरह दहाड़ नहीं पाता, वह बिल्लियों की तरह गुर्राता और सांप की तरह फुफकारता है। कई चीतों को कुत्तों की तरह भौंकते भी देखा गया है।

**बची है कम संख्या:** इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा चीते दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में पाए जाते हैं। संख्या के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका में लगभग 4,500 और नामीबिया में 2,500 के आस-पास चीते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में सिर्फ ईरान में ही करीब 100 चीते बचे हैं, बाकी हर जगह चीते खत्म हो गए हैं।

अपने देश भारत में साल 1948 में आखिरी बार चीता को देखा गया था। कुछ समय बाद साल 1952 में सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी गई कि भारत में एक भी चीता नहीं है। भारत से चीतों के पूरे तरह से खत्म होने के 74 सालों बाद 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से 8 चीते मंगाकर इन्हें मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में बसाया गया। इसके बाद 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते मंगाकर भी यहीं बसाए गए। इस तरह भारत में कुल 20 चीते अफ्रीकी देशों से मंगाए गए हैं। इन मंगाए चीतों ने 2 चीतों को भारत में जन्म भी दिया, जिससे कुल मिलाकर ये 22 हो गए। लेकिन जुलाई 2023 तक 8 चीतों की मौत हो चुकी थी। नवंबर 2023 के आंकड़ों के अनुसार अब कुल 14 चीते बचे हैं, इनमें 7 नर और 7 मादा हैं। इन 14 चीतों में 4 शावक हैं। *

सजेशन/ प्रभाकांत कश्यप

# जब खो जाए मोबाइल



इन दिनों मोबाइल फोन के खोने या चोरी होने की घटनाएं काफी ज्यादा हो रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक पूरे देश में हर दिन 5 हजार से ज्यादा मोबाइल फोन खो जाते हैं या चोरी हो जाते हैं। मोबाइल खोने की पुलिस में शिकायत दर्ज कराना बहुत जरूरी है। किसी कानूनी वजह से नहीं बल्कि अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ऐसा करना जरूरी होता है। मोबाइल चोरी हो जाए या कहीं खो जाए तो उसकी पुलिस में शिकायत इसलिए दर्ज कराना जरूरी होती है, क्योंकि कोई उसके जरिए आपराधिक कामों को अंजाम दे सकता है और इससे आप परेशानी में फंस सकते हैं। आप बहुत आसानी से ऑनलाइन कंप्लेंट कर सकते हैं।

**ऐसे करें ऑनलाइन कंप्लेंट:** सबसे पहले अपने स्टेट पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और खुद का रजिस्ट्रेशन करें। याद रखें यह एक बार ही होता है। जब रजिस्ट्रेशन करेंगे तो कुछ ऑनलाइन जानकारियां मांगी जाएंगी। जैसे- मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत आईडेंटिटी के लिए कोई प्रूफ। इसके बाद कंप्लेंट या एफआईआर कंप्लेंट के ऑप्शन पर जाएं। अपना पूरा पता दर्ज करें। अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें। अपनी ई-मेल आईडी दर्ज करें। यहां अपने से मतलब शिकायतकर्ता से है। जब आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा तब आपकी यूजर आईडी और पासवर्ड बन जाएगा। इसके बाद सिटीजन पोर्टल पर लॉगिन करें। वहां पर मांगी गई सारी जानकारियां भरें, मसलन कहां पर फोन चोरी हुआ है या कोई अपराध हुआ है तो वो कहां पर हुआ है, किस समय हुआ है? उस समय आप अकेले थे या आपके साथ कोई और था? इस तरह की कई दूसरी जानकारियां भी मांगी जा सकती हैं। इन सभी जानकारियों को भर दें। इसके बाद सबमिट का ऑप्शन आएगा, उस पर क्लिक करें। आपकी शिकायत पुलिस में दर्ज हो जाएगी। इसके बाद पुलिस वेबसाइट के सिटीजन पोर्टल से आपको जो एकनॉलेजमेंट या पावती मिलेगी, उसको प्रिंट कर लें। अगर घर में प्रिंट की सुविधा ना हो तो इस पावती को अपनी ई-मेल में डाल दें और कहीं बाहर से उसकी एक हार्ड कॉपी निकलवा लें। यह आपके पास अपनी शिकायत दर्ज कराने का सबूत है। इसे संभालकर रखें। *

खान-पान

राजकुमार 'दिनकर'

अधिकतर यंगस्टर्स को कुकीज खाना बहुत पसंद होता है। अगर आपको भी कुकीज खाना पसंद है तो सावधान हो जाएं। ज्यादा कुकीज खाने की लत आपको बीमार बना सकती है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल ज्यादा कुकीज का सेवन

डच भाषा से आए शब्द 'क्वेकजे' को अमेरिकन लोग कुकीज बोलते हैं, जिसका मतलब होता है छोटा केक। खान-पान की दुनिया में कुकीज बेक किया हुआ नाश्ता या ऐसी मिठाई होती हैं, जो आकार में आमतौर पर छोटी और चपटी होती है। ये आटा, मैदा, चीनी, अंडा, मक्खन, वसा और कई तरह के तेलों से मिलकर बनती हैं। साथ ही इनमें तमाम तरह के ड्राई फ्रूट्स भी मिलाए जाते हैं। ये आमतौर पर बिस्कुट की तुलना में थोड़ी भारी और देर तक भूख को संतुष्ट करने वाली होती हैं।

**युवाओं की पसंदीदा कुकीज:** अमेरिका से लेकर भारत के युवाओं तक को कुकीज खाने का इस तरह चस्का पड़ गया है कि पिछले कुछ सालों से पूरी दुनिया में कुकीज की खपत में लगातार 20 से 25 फीसदी दर बढ़ रही है। वैसे तो सभी उम्र के लोग कुकीज खाना पसंद करते हैं। एक वेबसाइट के मुताबिक एक औसत अमेरिकन अपनी पूरी जिंदगी में 35,000 से ज्यादा कुकीज खा जाता है। इसे सालाना खपत के रूप में देखें तो कम से कम 300 कुकीज हर अमेरिकन प्रतिवर्ष खाता है। इनमें सबसे बड़ी संख्या युवाओं की होती है, करीब 60 फीसदी से भी ज्यादा। अमेरिका से बाहर कुकीज की खपत का आंकड़ा देखें तो भले यह अमेरिकंस के मुकाबले थोड़ा कम है, लेकिन दुनिया के बाकी हिस्सों में भी हर साल कुकीज खाने की दर में इजाफा हो रहा है। अमेरिका से बाहर भी कुकीज युवाओं की पहली पसंद है। भारतीयों की बात करें तो 30 फीसदी भारतीय हेल्दी और स्वाद के नाम पर या मॉडर्न दिखने के कारण कुकीज का सेवन करते हैं और इनकी संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।





**लग जाती है लत:** तमाम शोध अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि कुकीज में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का खतरा बढ़ता है। इसके बाद भी युवाओं के बीच इसका चलन साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इसके पीछे बड़ी वजह इसका स्वाद और कुछ दिन इसे खा लेने के बाद जीभ को लग जाने वाली इसकी लत जिम्मेदार है। यह लत इसलिए लगती है, क्योंकि कुकीज जीभ में रखते ही पिघल जाती है, यह स्वाद ना केवल लोगों को बहुत अच्छा लगता है बल्कि इससे दिमाग को वैसे ही संतुष्टि मिलती है, जैसे किसी नशे की डोज से मिलती है। इसलिए भी कुकीज का खाना खतरनाक है, क्योंकि जल्द ही इसकी लोगों को लत लग जाती है।

**कई बीमारियों की वजह:** ज्यादातर लोगों को कुकीज खाना पसंद होता है। लेकिन खान-पान के विशेषज्ञों से जानें तो एक सीमा से ज्यादा कुकीज खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। इसकी वजह यह है कि कुकीज में आमतौर पर रिफाइंड चीनी और सैचुरेटेड फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है, इसलिए ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। लगातार ज्यादा कुकीज खाने से टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा और एक उम्र के बाद अल्जाइमर के पनपने का खतरा रहता है। इसके अलावा कुकीज हमारी पाचन प्रक्रिया को भी कमजोर बनाती हैं। साथ ही इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है, जिससे शरीर कमजोर होता है। एक तरफ जहां इनके खाने से कई तरह की शारीरिक कमियां पैदा होती हैं, वहीं ज्यादा कुकीज खाने से काफी ज्यादा प्यास लगने की भी समस्या बढ़ती है।

**हेल्दी कुकीज भी हैं उपलब्ध:** कुकीज से होने वाली सेहत के नुकसान को ध्यान में रखकर हाल में कुछ हेल्दी कुकीज भी बाजार में आई हैं, जिनमें शकरकंद का आटा, अदरक का पावडर, मोरिंगा या सहजन की पत्तियों का पावडर आदि मिलाया जा रहा है, जो वास्तव में हेल्थ के लिए अच्छी हैं। *

खास मुलाकात / आरती सक्सेना

हर एक्टर की फिल्म और उसका कैरेक्टर उसे बहुत कुछ सिखाता है। रितिक रोशन ने अपनी फिल्म 'फाइटर' और उसके कैरेक्टर से क्या सीखा? फिल्म में काम करने का उनका एक्सपीरियंस कैसा रहा, एक मुलाकात में बता रहे हैं रितिक रोशन।

# मैंने भी अपनी लाइफ में बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी हैं : रितिक रोशन


गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले सिद्धार्थ आनंद निर्देशित और रितिक रोशन अभिनीत फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई है। देशभक्ति पर आधारित इस फिल्म में रितिक इंडियन एयर फोर्स पायलट के रोल में हैं। फिल्म में उनके अपोजिट दीपिका पादुकोण हैं। रितिक ने इस फिल्म में दीपिका के साथ पहली बार काम किया है। फिल्म में अनिल कपूर भी हैं। फिल्म 'फाइटर', करियर और पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातचीत रितिक रोशन से।

**सबसे पहले यह बताएं कि फिल्म 'फाइटर' में आपका काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा?**

बहुत अच्छा। करीबन सात साल पहले सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर मेरे पास आए थे। मैं इस स्क्रिप्ट को पढ़कर बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ था, क्योंकि ऐसी कहानी मैंने पहले कभी नहीं सुनी थी। फिल्म में अपने किरदार पेटी को भी मैंने अंदरूनी तौर पर महसूस किया, क्योंकि देशप्रेम मेरे डीएनए में है। इस किरदार को निभाने को लेकर मेरे मन में थोड़ी झिझक भी थी, क्योंकि पेटी का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा चैलेंज था। 'फाइटर' की कहानी एयर फोर्स पायलट की जिंदगी की मुश्किल जर्नी पर फोकस्ड है, जो मैंने अपने किरदार पेटी के जरिए पेश की है। इस फिल्म में काम करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है, क्योंकि एयरफोर्स पायलट की मुश्किलों से भरी जिंदगी को हमने अपने किरदार के जरिए जिया है।

**असल जिंदगी में आप अपने आपको कितना बड़ा फाइटर मानते हैं?**

ऐसा कहना गलत ना होगा कि जिंदगी हर कदम एक नई जंग है। मैंने भी अपनी लाइफ में बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी हैं। हर मुसीबत का डटकर सामना भी किया है। ऐसा सिर्फ मैं नहीं बहुत सारे लोग करते हैं, तभी हम एक खूबसूरत मुकाम पर पहुंचते हैं। मेरा मानना है, जिंदगी में आई मुश्किलों से लड़ना तब आसान हो जाता है, जब आप बतौर फाइटर अपनी जिंदगी की लड़ाइयों और मुसीबतों का सामना मजे से करते हैं। जहां तक फिल्म 'फाइटर' का सवाल है तो इस फिल्म के लिए सभी कलाकारों की तरह मैंने भी फिजीकली-मेंटली बहुत मेहनत की है। इस फिल्म में मेरे लिए काम करना गर्व की बात है, क्योंकि यह एक एयर फोर्स पायलट की देशभक्ति की भावना पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में एक्टिंग करके मुझे एक अलग तरह की सैटिस्फेक्शन मिली है।



**इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने आपके साथ पहली बार काम किया है। उनके साथ वर्किंग एक्सपीरियंस कैसा रहा?**

दीपिका के साथ इस फिल्म में काम करने का मेरा एक्सपीरियंस बहुत ही अच्छा रहा। दीपिका सिर्फ खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस नहीं, बहुत मेहनती एक्ट्रेस भी है। इस फिल्म के लिए उसने बहुत ज्यादा मेहनत की है। वैसे तो वह अपने हर किरदार में जान फूंक देती है, लेकिन 'फाइटर' में दीपिका ने अपना किरदार बहुत ही जोरदार तरीके से निभाया है।



फिल्म 'फाइटर' के एक सीन में दीपिका पादुकोण के साथ रितिक रोशन

**फिल्म 'फाइटर' में पेटी का किरदार आपकी रियल लाइफ से कितना मैच करता है?**

पेटी का किरदार मुझे मेरे जवानी के दिनों की याद दिलाता है। वैसे तो मैं अभी भी जवान हूं। फिल्म में मेरा जो पेटी का किरदार है, वह उत्साह-उमंग से भरा हुआ है, खुशमिजाज है। साथ ही यह किरदार बहुत ही गुस्से वाला भी है। मुझे पर्सनली गुस्सा बहुत कम आता है। पेटी खतरों से नहीं घबराता है, जिंदगी में हर जोखिम लेने को तैयार रहता है। पर्सनली मुझे पेटी का किरदार अपने आप से काफी मिलता-जुलता लगता है।

**'फाइटर' की शूटिंग के दौरान एयर फोर्स पायलट, जिन्होंने आपको ट्रेनिंग दी थी, उनसे आपने क्या-क्या सीखा?**

यही कि एक फाइटर की जिंदगी आसान नहीं है। वह बहुत बड़ा देशभक्त होता है। देश की रक्षा के लिए, अपनी जान भी न्यौछावर करने को तैयार रहता है। मैंने अपने फाइटर ट्रेनर से डिसीप्लीन सीखी, उनकी लाइफस्टाइल सीखी। इनफैक्ट मैं उनके साथ जितने भी दिन था, मुझे कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता था, जो कि मेरी जिंदगी में भी मुझे कई मौकों पर काम आएगा। *

### अगर एक्टर ना होता तो सिंगर होता

**रितिक रोशन** को फिल्मों में एक्टिंग के अलावा संगीत में भी दिलचस्पी है। भविष्य में क्या वह किसी फिल्म में प्लेबैक सिंगिंग करना चाहेंगे? पूछे जाने पर वह जवाब देते हैं, 'हां, कहा जा सकता है कि संगीत मेरा जीवन है, मेरी प्रेरणा है। जब भी मैं कोई अच्छा गाना सुनता हूं तो मुझे बहुत खुशी होती है। संगीत मेरे रोम-रोम में बसा है। अगर मैं एक्टर नहीं होता तो सिंगर होता या म्यूजिक से ही जुड़ी किसी फील्ड में होता। फिल्मों में तो मैंने नहीं गाया, लेकिन असल जिंदगी में हमेशा गाना गाता रहता हूं। मुझे संगीत से बहुत ज्यादा प्यार है।' *

**बिहार में सियासत तेजी से बदल रही है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा नीत राजग में आ रहे हैं। एक बार फिर 'भतीजे' तेजस्वी यादव से 'चाचा' नीतीश का मोहभंग हो गया है। लालू प्रसाद यादव खुद को राजनीति का धुरंधर मानते हुए जिस तरह नीतीश को निपटा कर बेटे को बिहार का सीएम बनाने के फेर में थे, विपक्षी गठबंधन इंडिया की हालत देखते हुए नीतीश ने समय रहते लालू की संभावित राजनीति की हवा निकाल दी। पिछली बार राजद के कारण तो इस बार कांग्रेस के कारण नीतीश कुमार ने पाला बदला है और वापस राजग में जा रहे हैं। इंडिया में कांग्रेस ने अपने सभी सहयोगियों को यथोचित स्थान नहीं दिया, तो लोग छिटकने लगे। पहले ममता व मान ने एकला चलो की राह चुनी तो अब नीतीश भी अलग हो गए। इस पर आजकल का यह अंक...**

# बिहार की सियासत में फिर भूचाल



**विश्लेषण**

सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

> **नीतीश कुमार 2022 में भाजपा से अलग हुए और अब फिरभाजपा के पाले में आ रहे हैं। दोनों ही बार जदयू में दलबदल और दोफाड़ की आशंकाओं और संभावनाओं ने काम किया। बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का गठबंधन तैयार करने के सूत्रधार नीतीश ही थे। वह पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण विपक्ष के बड़े नेताओं से मिलते रहे, लेकिन 'इंडिया' नाम से एक बुनियादी प्लेटफॉर्म बना, तो उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें संयोजक तक बनने से रोका। नीतीश कुमार इस राजनीति से बहुत क्षुब्ध थे। यदि भाजपा के साथ उनका गठबंधन परवान चढ़ता है, तो सबसे अधिक विपक्ष का नुकसान यह होगा कि 'इंडिया' का बिखराव पुख्ता होने लगेगा।**

बीते बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच करीब तीन घंटे की बैठक प्रधानमंत्री आवास पर हुई। यह असामान्य बैठक थी, क्योंकि किसी अति महत्वपूर्ण विषय पर ही प्रधानमंत्री इतना वक्त खर्च करते हैं। उनके सामने बिहार पर सर्वे की एक रपट भी थी, जो भाजपा ने ही कराया था। सर्वे का निष्कर्ष था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, अपने घटक दलों समेत, अधिकतम 25 सीटें जीत सकती है। सर्वे अयोध्या राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कराया गया था। सर्वे में यह भी सामने आया कि उसके प्रभाव से 5-7 सीट से अधिक बढ़ने के आसार नहीं हैं। 2019 में भाजपा ने जदयू के साथ 40 में से 39 सीटें जीती थीं। जाहिर है कि विमर्श का बिन्दु जदयू और नीतीश रहा होगा! भाजपा कुछ विशेष सूत्रों के जरिए नीतीश कुमार से संवाद कर रही थी। विमर्श में यह तय होने लगा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार ही पाला बदल कर भाजपा से मिल जाए, तो चुनावी फायदा हो सकता है। कमोबेश 'अति पिछड़ा वर्ग' के सरप्लस वोट भी भाजपा के पक्ष में आ सकते हैं। लंबे विमर्श के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नए गठबंधन को 'ओके' कह दिया। उसके बाद तय-सा हुआ कि नीतीश एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा के खेमे में आ सकते हैं।

## घटनाक्रम से मिले रहे संकेत

कुछ असामान्य संकेत भी गौरतलब हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को ही पांच बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फोन किया, लेकिन नीतीश ने फोन नहीं उठाया। राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का वक्त मांगा। लालू उन्हें अपने दूत के तौर पर नीतीश के पास भेजना चाहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने मिलने का वक्त ही नहीं दिया। नीतीश और शिवानंद पुराने वक्त के 'समाजवादी साथी' रहे हैं। 'राजभवन' में गणतंत्र दिवस पर चाय का आयोजन था, उसमें मुख्यमंत्री की कुर्सी की बगल में ही उपमुख्यमंत्री की कुर्सी चिह्नित थी। मुख्यमंत्री तो कार्यक्रम में गए, लेकिन उनके एक मंत्री अशोक चौधरी ने उपमुख्यमंत्री वाली पर्ची फाड़ कर उस कुर्सी पर बैठ गए। मुख्यमंत्री ने मंत्री को रोका-टोका तक नहीं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके कुछ मंत्री भी उस कार्यक्रम में नहीं गए। यह एक किस्म की 'संवैधानिक अवज्ञा' थी। इस घटना से पहले मुख्यमंत्री नीतीश ने कैबिनेट बैठक बुलाई थी। उपमुख्यमंत्री करीब 2 घंटे की बैठक के दौरान खामोश ही रहे। सबसे महत्वपूर्ण संकेत यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेता, नीतीश के लिए, 'दरवाजा बंद' जैसी आक्रामक जुबान बोलते रहे थे। वह अचानक मुलायम हो गई। बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे सुशील कुमार मोदी लगातार कहते रहे कि कोई भी दरवाजा हमेशा के लिए बंद नहीं होता। जब जरूरत पड़ती है, तो वह खुल भी जाता है। गिरिराज सिंह और अश्विनी चौबे सरीखे बड़बोले केंद्रीय मंत्री, नीतीश को, जिस भाषा में गरियाते थे, वे अचानक खामोश हो गए हैं। भाजपा के विधायकों ने नीतीश को मुख्यमंत्री के तौर पर 'स्वीकार' करने के बयान देने शुरू कर दिए हैं। क्या इतने संकेत नीतीश कुमार की 'नई पलटमारी' के लिए पर्याप्त नहीं हैं?



### नीतीश की अलटी-पलटी राजनीति का सफर

जनता दल से अलग होकर 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार ने समता पार्टी की शुरुआत की। 1996 के लोकसभा चुनावों में समता पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन किया। 1998 में गठबंधन जारी रहा। मार्च 2000 में नीतीश पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। पर सदन में बहुमत साबित नहीं कर सके। सात दिन तक ही सीएम रहे। 2003 में नीतीश कुमार ने समता पार्टी से अलग जनता दल (यूनाइटेड) बनाया। भाजपा से गठबंधन किया। 2005 में बिहार में विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा और जदयू को चुनावी सफलता हासिल की। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने। 2009 के लोकसभा चुनाव में भी गठबंधन को बड़ी सफलता मिली। 2010 में भाजपा-जदयू ने एक बार फिर एक साथ चुनाव लड़ा और जबरदस्त सफलता हासिल की। नीतीश एक बार फिर मुख्यमंत्री बने। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया। गठबंधन टूटने के बाद लोकसभा में जदयू को झटका लगा। नीतीश सीएम बने रहे। राजद और कांग्रेस ने बाहर से समर्थन दिया। 2015 में जदयू, राजद व कांग्रेस के महागठबंधन को सफलता मिली। नीतीश कुमार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने। राजद से असंतुष्ट नीतीश 2017 में महागठबंधन से अलग हो गए। भाजपा के साथ आ गए। सीएम बने रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राजग ने बिहार की कुल 40 सीटों में से 39 सीटें जीत लीं। 2020 में एनडीए सरकार बनी, सीएम नीतीश ही रहे। वर्ष 2022 में नीतीश भाजपा का साथ छोड़कर फिर से महागठबंधन के साथ आ गए। सीएम बने रहे। राजद से तेजस्वी यादव राज्य के उप मुख्यमंत्री बने। वे दूसरी बार डिप्टी सीएम बने। अब वर्ष 2024 में एक बार फिर नीतीश कुमार पाला बदलने जा रहे हैं, वे महागठबंधन का साथ छोड़कर भाजपा के साथ राजग में आ रहे हैं। इस बार भी सीएम नीतीश ही बने रहेंगे। 19 साल से वे विधायक के चुनाव नहीं लड़े हैं।

## नई खिचड़ी पकनी तय

राजद, कांग्रेस, भाजपा में विधायकों की आपातकालीन बैठकें हो रही हैं। नीतीश और भाजपा ने रविवार, 28 जनवरी को महत्वपूर्ण बैठकें बुलाई हैं। कथित महागठबंधन के घटक मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांग रहे हैं कि अचानक सियासी उबाल इतना क्यों है? नीतीश के प्रवक्ता जवाब दे रहे हैं कि मुख्यमंत्री को स्पष्टीकरण देने की जरूरत नहीं है। वह किसी भी तरह के भ्रम में नहीं हैं। गौरतलब यह भी है कि मुख्यमंत्री ने अचानक अपने सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं। थोक में आईएएस, आईपीएस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, लेकिन इस आलेख के लिखे जाने तक नीतीश ने न तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है और न ही विधिवत रूप से गठबंधन से अलग हुए हैं, लेकिन उनका एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा के साथ जाना लगभग तय है। भाजपा में अमित शाह, जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष और बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े आदि के बीच लगातार बैठकें हुई हैं। बिहार के प्रमुख कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों को 'नए गठबंधन' को लेकर आश्वस्त किया जा रहा है कि भाजपा अपनी बुनियादी नीतियों को नहीं छोड़ेगी, लेकिन आम चुनाव के संदर्भ में यह गठबंधन फायदेमंद साबित होगा।

## सबकुछ लगभग तय, ऐलान बाकी

इसी बीच भाजपा के सूत्रों ने खुलासा किया है कि कांग्रेस के 10 से अधिक विधायक उसके संपर्क में हैं। उनका एक अलग गुट बनवाया जा सकता है, जो भाजपा-नीतीश सरकार को समर्थन दे सकता है। कांग्रेस के कुल 19 विधायक हैं। भाजपा नेतृत्व ने अपनी बिहार इकाई को आश्वस्त किया है कि नीतीश दो उपमुख्यमंत्रियों पर सहमत हैं। उनमें से एक 'अति पिछड़ा वर्ग' का प्रतिनिधि होगा। सूत्र रेणु देवी का नाम बता रहे हैं, जो 2020 के जनादेश के बाद नीतीश सरकार में ही उपमुख्यमंत्री थीं। दूसरे उपमुख्यमंत्री को लेकर सुशील मोदी ही मुख्यमंत्री की पहली पसंद हैं। वह लंबे समय तक इस पद पर मुख्यमंत्री नीतीश के साथ काम कर चुके हैं। अलबत्ता मौजूदा नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के नामों की भी चर्चा है। भाजपा के एक बड़े नेता ने मुझे खुलासा किया है कि रविवार को भाजपा-जदयू विधायक दल की साझा बैठक में नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। उसके बाद नई सरकार बनाने का दावा राज्यपाल के सामने पेश किया जा सकता है, लेकिन इससे पहले नीतीश को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना जरूरी है।

## नीतीश कुमार की 'पलटीमार' राजनीति

एक सवाल जनादेश, सरकार, पलटीमार राजनीति और लोकतंत्र को लेकर भी है। गौरतलब है कि 1995 से नीतीश ने विधायक का चुनाव ही नहीं लड़ा और न ही उनके दलों को बहुमत का जनादेश मिला है। फिर भी नीतीश कुमार 9वीं बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। नीतीश में ऐसा कौन-सा आकर्षण है कि राजद और भाजपा दोनों ही उन्हें 'पलटी' मारने को समर्थन देते रहे हैं और मुख्यमंत्री भी बनवाते रहे हैं। मौजूदा जनादेश 2020 में भाजपा-जदयू को मिला था, क्योंकि दोनों ने साझा चुनाव लड़ा था। नीतीश ने अगस्त, 2022 में अचानक पलटी मारी और लालू यादव के खेमे में चले गए और मुख्यमंत्री बने रहे। अब करीब डेढ़ साल बाद फिर उनका मोहभंग हुआ है और चल पलट कर भाजपा के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए ना-नुकर कर रही थी, लेकिन नीतीश की बुनियादी शर्त यही थी कि मुख्यमंत्री वह ही बने रहेंगे। बहरहाल नीतीश को एक बार फिर पलटी की जमीन दी जा रही है। यह कैसा लोकतंत्र है कि बहुमत का जनादेश पाए बिना ही एक राजनेता लगातार कई सालों से बिहार का मुख्यमंत्री बना हुआ है? बेशक इस स्थिति के लिए भाजपा और राजद ही बराबर की जिम्मेदार हैं, क्योंकि बहुमत उनके पक्ष में भी नहीं है। अलबत्ता वे सदन की सबसे बड़ी पार्टियां हैं। नतीजतन बिहार लगातार 'जुगाड़ की सरकार' के भरोसे चल रहा है।

## बिहार की सियासत की दिशा

नीतीश कुमार 2022 में भाजपा से अलग हुए और अब राजद, कांग्रेस और वाममोर्चे का हाथ झटक कर भाजपा के पाले में आ रहे हैं। दोनों ही बार जदयू में दलबदल और दोफाड़ की आशंकाओं और संभावनाओं ने काम किया। इस बार लोकसभा चुनाव से पहले जदयू के कमोबेश 7 सांसद भाजपा के संपर्क में थे, उन्हें इस बार लोकसभा चुनाव जीतना संदिग्ध लग रहा था, क्योंकि 2019 की तरह सामाजिक समीकरण पक्ष में नहीं थे। 2019 में जदयू-भाजपा गठबंधन में जदयू के 16 सांसद जीते थे। इस बार संभावनाएं 5 सांसद जीतने की भी नहीं लग रही हैं, लिहाजा नीतीश कुमार पर लगातार दबाव रहा है कि वह पाला बदल कर भाजपा के साथ गठबंधन करें। उधर, कुछ विधायकों की लालू-तेजस्वी यादव के साथ गुप्त बैठक की भनक नीतीश को लगी, नतीजतन पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह को बदल कर नेतृत्व अपने हाथ में लेना पड़ा। अब पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नीतीश को लगा कि पार्टी में टूट-फूट संभव है, लिहाजा उन्होंने पाला बदलने की सोची। उन्हें पुख्ता ज़मीन तब मिली, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'जननायक' एवं पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 'भारत-रत्न' का सम्मान देने की घोषणा की। कर्पूरी नीतीश और लालू के 'गुरु सम' नेता माने जाते रहे हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर आज भी अति पिछड़ा वर्ग 'जननायक' को भूला नहीं है।

## इंडि गठबंधन को धक्का

बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का गठबंधन तैयार करने के सूत्रधार नीतीश ही थे। वह पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण विपक्ष के बड़े नेताओं से मिलते रहे, लेकिन 'इंडिया' नाम से एक बुनियादी प्लेटफॉर्म बना, तो उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें संयोजक तक बनने से रोका। नीतीश कुमार इस राजनीति से बहुत क्षुब्ध थे। यदि भाजपा के साथ उनका गठबंधन परवान चढ़ता है, तो सबसे अधिक विपक्ष का नुकसान यह होगा कि 'इंडिया' का बिखराव पुख्ता होने लगेगा। ममता और केजरीवाल पहले ही अलगाव के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार का पक्ष लेते हुए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अन्य प्रतिक्रियाएं भी सामने आ सकती हैं। दूसरी तरफ जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा सरीखे बिहारी नेताओं ने अमित शाह से मुलाकात कर एनडीए का ही घटक बने रहने की प्रतिबद्धता दिखाई है, लिहाजा, बिहार में नीतीश के आने के बाद निश्चित तौर पर एनडीए की स्थिति मजबूत होगी। इसका असर लोकसभा व विधानसभा में देखने को मिलेगा।

# बदलते बिहार में क्या क्या बदलेगा?



**राजनीति**

राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अकसर कहा जाता है कि भारत में राजनीतिक बदलाव की हवा बिहार से चलती है। लोकनायक जय प्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति आंदोलन इस मान्यता का कारण हो सकता है, जिसने अजेय समझी जानेवाली और फिर आपातकाल में तानाशाह के रूप में देखी जाने वाली इंदिरा गांधी की सत्ता से बेदखली का मार्ग प्रशस्त किया। वैसे उसके बाद भी बिहार में बहुत कुछ हुआ, और उसके चलते भी कई धारणाएं-कहावतें बनी हैं। बिहार फिर बदलता दिख रहा है। क्रिकेट की तरह भारतीय राजनीति भी असीमित संभावनाओं, मगर अनिश्चितताओं का खेल है। कई बार आखिरी गेंद पर मैच पलट जाता है। ऐसे में जब बदलाव की बुनियाद ही किसी 'पलटीमार' पर टिकी हो, तब पटाक्षेप से पहले अंतिम निष्कर्ष जोखिमभरा भी हो सकता है। फिर भी पिछले कुछ दिनों का घटनाक्रम बता रहा है कि 'सुशासन बाबू' से 'पलटीमार' के संबोधन तक का सफर तय करने वाले नीतीश कुमार सत्ता के खेल में एक बार फिर जोड़ीदार बदल रहे हैं। संकेत है कि दूल्हा नहीं, सिर्फ बाराती बदलेंगे यानि मुख्यमंत्री तो नीतीश कुमार ही रहेंगे, बहुमत के लिए जरूरी बैसाखी की भूमिका में राजद-कांग्रेस-वाम की तिकड़ी की जगह फिर से भाजपा आ जाएगी।

## सुविधा के संवाद

समाचार माध्यम बता रहे हैं कि अतीत में नीतीश कुमार राजद-कांग्रेस महागठबंधन में और भाजपा के साथ एनडीए में कब-कब सरकार चला चुके हैं। आप इसे नीतीश का राजयोग कह सकते हैं या फिर बिहार की विडंबना भी कि राज्य विधानसभा का संख्या गणित कुछ ऐसा बन गया है कि दोनों बड़े दलों के पास तीसरे नंबर के दल के नेता की पालकी उठाने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है। सत्ता की पालकी पर सवार नीतीश कुमार भी सुविधानुसार सांप्रदायिकता विरोध अथवा फिर परिवारवाद-भ्रष्टाचार विरोध की राजनीति करने की कला में माहिर हैं। वैसे इस कला में अनाड़ी तो कोई भी दल या नेता नहीं रह गया है। बार-बार दगा के बावजूद महागठबंधन और एनडीए भी नीतीश कुमार को बिहार का नायक बताने के लिए संवाद गढ़ ही लेते हैं। हर बार ऐसे बदलाव के मूल में बिहार की सत्ता और उसके लिए नीतीश की चिर आकांक्षा ही रही है, लेकिन 2024 में होनेवाला बदलाव राज्य ही नहीं, राष्ट्र की राजनीति को भी प्रभावित करेगा।

आखिर नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा को दस साल बाद केंद्रीय सत्ता से बेदखल करने के वादे-इरादे के साथ बने दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सूत्रधार माने जा रहे थे। जब ममता बनर्जी, के. चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव सरीखे क्षत्रप क्षेत्रीय दलों का तीसरा मोर्चा या संघीय मोर्चा बनाने की कवायद कर रहे थे, तब नीतीश ने सबसे पहले कहा था कि भाजपा के विरुद्ध तीसरा नहीं, एक ही मोर्चा बनना चाहिए, जो कांग्रेस को साथ लिए बिना कारगर नहीं हो सकता। कांग्रेस की सहमति से ही नीतीश ने राज्य-दर-राज्य घूमते हुए तमाम क्षत्रपों को



मनाया भी। विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक भी पटना में हुई। उसमें सूत्रधार की भूमिका में नीतीश ही दिखे, लेकिन उसके बाद कब स्टीयरिंग कांग्रेस के हाथ में चली गई, नीतीश को पता नहीं चला।

## जरूरी भी, मजबूरी भी

खुला रहस्य है कि सबसे लंबे समय तक बिहार का मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश के लिए सत्ता ही साध्य है। साधन जो भी बनना चाहे, इसके बावजूद उन्हें विपक्षी गठबंधन का पीएम फेस तो दूर, संयोजक तक नहीं बनाना क्या बिहार में इस नए बदलाव का कारण है? इस स्वाभाविक सवाल का सही जवाब सिर्फ मोदी और नीतीश के पास हो सकता है। अंदर ही खबर रखने वाले बताते हैं कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ। जैसे-जैसे नीतीश को 'इंडिया' में केंद्रीय भूमिका न मिलने के संकेत पुष्ट होते गये, उन पर जनता दल यूनाइटेड में एक वर्ग का दबाव बढ़ता गया कि वह सम्मानजनक विकल्प तलाशें। यह भी कि ऐसा दबाव डालने वाला वर्ग दरअसल भाजपा के संपर्क में था, जो मोदी सरकार की 'हैट्रिक' की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस बार '400 पार' का नारा देनेवाली भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में 303 सीटें जीती थी, जिनमें से 17 बिहार से मिली थीं। तब नीतीश साथ थे और एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीतने का करिश्मा कर दिखाया था। शेष एक सीट पर कांग्रेस का दांव लग गया था, वरना अब विधानसभा में सबसे बड़े दल राजद का खाता तक नहीं खुल पाया था। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने तथा कर्नाटक में सत्ता से बेदखली से वहां गड़बड़ाये चुनावी गणित से भाजपा पर दबाव बढ़ गया है कि वह बिहार में अपनी बिसात ठीक से बिछाये। जाहिर है, लालू प्रसाद यादव के राजद से दोस्ती असंभव है, जबकि लोजपा, हम और वीआईपी जैसे छोटे दलों की मदद से वह बिसात संभव नहीं। ऐसे में अगर अपेक्षित सम्मान न मिलने पर 'इंडिया' से किनारा नीतीश की मजबूरी बन गयी थी तो केंद्रीय सत्ता की 'हैट्रिक' के लिए उन्हें साथ लेना भाजपा की जरूरत भी। शायद, दिवंगत समाजवादी नायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' ने उस 'मजबूरी' और 'जरूरत' के बीच सुविधानजक पुल बनाने का काम किया।

## 'इंडिया' बनाम एनडीए

अगर पुष्ट संकेतों के मुताबिक नीतीश एनडीए में लौटते हैं तो न सिर्फ बिहार में भाजपा गठबंधन सरकार में भागीदार होगी, बल्कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में संभानाएं भी बेहतर हो जाएंगी। बेशक चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी असहज महसूस करेंगे, पर सत्ता की खातिर यह सब चलता रहता है। आखिर सत्ता की खातिर ही तो नीतीश कुमार ने उन लालू से दो-दो बार हाथ मिला लिया, जिनके राज को कभी 'जंगल राज' बताते थे और जिस भाजपा में जाने से मरना बेहतर बताते थे, उसके साथ भी दूसरी बार जा रहे हैं। हां, मोदी की भाजपा सरकार को केंद्रीय सत्ता से बेदखल करने के लिए बने 'इंडिया' गठबंधन के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। ममता बनर्जी और भगवंत मान पहले ही क्रमशः पश्चिम बंगाल और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। अब जबकि सूत्रधार नीतीश भी किनारा कर रहे हैं तो यह देखना महत्वूपर्ण होगा कि पिछले साल जुलाई में ही बना विपक्षी गठबंधन कहां, कितना और कब तक बचेगा।

## दूर क्यों हुए?

बिहार की राजनीति में शुरू से जदयू भाजपा का बड़ा भाई बना रहा। समय के साथ जदयू की सीटें कम होती गईं। भाजपा की सीटों की संख्या बढ़ती गई। राजद के बाद दूसरे नंबर की पार्टी भाजपा हो गई। नीतीश कुमार सरकार के निर्माण में बीजेपी की शर्तों से असहज रहे। नीतीश डिप्टी सीएम रेनू देवी व तारकिशोर प्रसाद को लेकर सहज महसूस नहीं करते थे। उनके साथ 13 साल तक डिप्टी सीएम रहे सुशील कुमार मोदी की तरह इन लोगों से उनका तालमेल अच्छा नहीं रहा।

# धर दीन्ही चदरिया



**बिहार**

प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

नीतीश कुमार ने फिर वही किया जो अब तक करते आए हैं, लेकिन इस बार नीतीश कुमार ने जो पलटी मारी है। उसका असर सिर्फ बिहार पर नहीं होगा। देश की राजनीति पर होगा। लालू की लालटेन तो फूटी ही, इसके साथ साथ विपक्षी एकता भी तार तार हो गई। अब विरोधी दलों के खेमे में सन्नाटा है। कांग्रेस, आरजेडी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, एनसीपी जैसी तमाम पार्टियां नीतीश को नैतिकता का ज्ञान दे रही हैं, लेकिन नीतीश को इसकी परवाह नहीं है, क्योंकि वो जानते हैं कि राजनीति में नैतिकता की परिभाषा वक्त और मौके के हिसाब से बदलती रहती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस बार नीतीश ने सिर्फ लालू के नहीं तमाम नेताओं के सपनों को तोड़ा है। बीजेपी ने जो चाल चली है। उसमें बीजेपी का फायदा ही फायदा है। तीर नीतीश का है और इससे लहूलुहाने होने वाले उऩके अपने पुराने साथी हैं।

नीतीश कुमार महात्वाकांक्षी हैं। राजनीति में सब महात्वकांक्षी होते हैं। सब आगे बढ़ना चाहते हैं। विधायक सांसद मंत्री मुख्यमंत्री बनना चाहते है। लेकिन सब बन नहीं पाते क्योंकि हर किसी में अवसर को पहचानने और हारते हुए पक्ष से जल्दी से जल्दी पीछा छुड़ा सकने की काबिलियत नहीं होती जो नीतीश में कुमार में हैं और पिछले तीस सालों में नीतीश कुमार ने ये बखूबी साबित किया है। वो छह बार चादर बदल चुके हैं। हर बार पुरानी चादर उतारते हैं। नई ओढ़ते हैं, लेकिन पुरानी वाली को फेंकते नहीं। रख लेते हैं। जरूरत पड़ने पर फिर ओढ़ लेते हैं। और इसी कला का नतीजा है कि नीतीश की पार्टी बिहार में हमेशा तीसरे नंबर की पार्टी रही, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश ही रहे।

नीतीश ने इस बार जो खेल किया है। उससे लालू की सारी प्लानिंग चौपट हो गई। लालू जानते थे कि बिहार में बीजेपी पावर में रहेगी तब तक उनकी पार्टी की वापसी संभव नहीं है। लालू को ये भी पता था कि नीतीश कुमार की नजर अब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर है, क्योंकि 2012 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने के विरोध में ही नीतीश ने एनडीए छोड़ा था। लेकिन 2014 में लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो सीटें मिलीं। नीतीश ने कसम खाई थी कि मर जाएंगे लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। लेकिन राजनीति में मरना जीना तो लगा रहता है। इसलिए नीतीश कुमार एक बार फिर मरकर जी उठे और फिर बीजेपी के साथ हैं।

असल में इस बार नीतीश ने दिखाया कि वो हिसाब किताब में लालू से ज्यादा माहिर हैं। लालू चाहते थे कि किसी तरह बेटे को बिहार की गद्दी पर बैठाया जाए। इसी चक्कर में लालू ने दांव खेला। सोचा था नीतीश को फंसा लेंगे, लेकिन उल्टा फंसा। नीतीश एक रास्ता बंद हो इससे पहले दूसरा खोल लेते हैं। अगर प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं बनना है तो बिहार की कुर्सी क्यों छोड़ते। लालू का प्रेशर था। जब नीतीश ने बात नहीं मानी तो लालू ने नीतीश की पार्टी में सेंध लगाने की कोशिश शुरू की। नीतीश को भनक लग गई तो उन्होंने खेल खराब करने में देर नहीं की। नीतीश ने जो किया उससे जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सरकार का चेहरा नहीं बदलेगा। सिर्फ चोला बदल जाएगा। लालटेन की जगह



अब एनईडी लाइट से सरकार जलेगी और विधानसभा में सिर्फ ट्रेजरी बेंचेज और अपोजीशन बेंचेज की अदला बदली होगी।

लेकिन नीतीश के इस पैंतरे से विपक्ष की मोदी को घेरने की सारी रणनीति छिन्न भिन्न हो गई। इसका सबसे पहला शिकार कांग्रेस होगी। कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के जरिए माहौल बनाने की कोशिश कर रही थी। जिसे असम में हिमंता ने पलीता लगाया। बंगाल में घुसे तो ममता की पार्टी ने काले झंडे दिखा दिए। अब उम्मीद बिहार से थी। लेकिन वो भी टूट गई। जब राहुल बिहार में रैली करेंगे तो गठबंधन के फाउंडर नीतीश कुमार मोदी मोदी के नारे लगा रहे होंगे। इसलिए कांग्रेस के नेता निराश हैं। नीतीश के लिए दरवाजा बीजेपी ने भी मजबूरी में खोला है। लेकिन इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के जो नेता जातिगत जनगणना के मुद्दे को उछालकर पिछड़ों अति पिछड़ो, दलितों और महादलितों के बीजेपी से दूर करना चाहते थे। अब वो मुद्दा ही हाथ से निकल गया क्योंकि जातिगत सर्वे कराने वाले नीतीश तो अब बीजेपी के साथ हैं।

बिहार की राजनीति के साथ साथ केन्द्र की राजनीति पर भी इसका जबरदस्त असर होगा। लोकसभा चुनाव सिर पर हैं। बीजेपी भी जानती है कि नीतीश की अपनी ताकत भले ही कम हो लेकिन उनका साथ जीत हार का फैसला करने में मददगार होता है। पिछले चुनाव में जब बीजेपी नीतीश के साथ थी तो एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं। अब नीतीश फिर साथ हैं तो इसका असर तो पड़ेगा। दूसरी बात नीतीश विरोधी दलों के गठबंधन की नींव की ईंट थे। नींव की ईंट अलग होने से बिल्डिंग का खड़े रहना मुश्किल है। राजनीति में मैसेजिंग का बड़ा महत्व होता है। नीतीश के जाने से मैसेज ये गया कि एंटी मोदी मोर्चे में सबसे अपने अपने हित हैं और सबसे बड़ा कॉमन फैक्टर है नरेन्द्र मोदी का डर। महाराष्ट्र में जब टूट हुई थी तो एकनाथ शिन्दे पर खोके का आरोप लगा। एजेंसियों के डर का इल्जाम लगा। लेकिन बिहार में विरोधी दलों के नेता न तो नीतीश पर भ्रष्टाचार का इल्जाम लगा सकते हैं। न परिवारवाद का। इसलिए नीतीश का जाना एंटी मोदी मोर्चे के लिए ताबूत में आखिरी कील हो गया। हालांकि बंगाला में ममता बनर्जी और पंजाब में केजरीवाल पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर चुके हैं। अखिलेश यादव ने यूपी में कांग्रेस को ज्यादा भाव देने को तैयार नहीं है। ये नेता तो विरोधी दलों के गठबंधन में कंगूरे की ईंटें थीं। जो एक एक करके गिर रही थी। नीतीश के टूटने से नींव हिली है। इसलिए अब बिल्डिंग का गिरना भी तय है। ये बीजेपी के लिए चुनाव से पहले बड़ी जीत है। अब बीजेपी के नेता ये कहेंगे कि नेता वही होता है जो वक्त पर हवा का रुख पहचान ले, नीतीश ने पहचान लिया है।

नीतीश कुमार ने बड़े अरमानों के साथ विपक्षी एकता की कवायद शुरू की थी। उन्हें इस गठबंधन में एक महत्वपूर्ण पद की उम्मीद थी। हुआ बिल्कुल उल्टा। इंडि गठबंधन अपनी-डफली और अपनी राग बजाने लगा। 2017 में महागठबंधन से अलग होने के बाद नीतीश ने राजद को इसका जिम्मेदार ठहराया था। इस बार कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बता रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से अपनाया जा रहा अलग रास्ता भी विवाद का कारण बना है। राहुल गांधी द्वारा गठबंधन के बारे में बात करने के बजाय कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की गई है। ये यात्रा बिल्कुल कांग्रेस की अपनी और अलग यात्रा है। इसलिए जदयू को महागठबंधन में रहने का कोई कारण नजर नहीं आया। इंडिया एकजुट रहने और मोदी को जवाब देने में पूरी तरह विफल रहा। वैसे में नीतीश ने अपनी पार्टी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक व्यवहारिक निर्णय लिया, जिसका सियासी गलियारों में स्वागत भी हो रहा है। दूसरी तरफ जदयू ने अपना पिछला इतिहास देखा। जदयू 2019 में लोकसभा चुनावों में एनडीए के साथ लड़ी गई 17 सीटों में से 16 पर जीत हासिल की थी। इस बार नीतीश की पार्टी की राह मुश्किल लग रही थी।

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में पीएम मोदी बोले

# संविधान सभा से बहुत कुछ सीखें और उनके आदर्शों से प्रेरणा भी लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन खास है, क्योंकि यह 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। उन्होंने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, इस बार का यह सम्मेलन और भी खास है, क्योंकि यह भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। आज से 75 वर्ष पहले 26 जनवरी को ही हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान के भी 75 सा पूरे हो रहे हैं। मैं देशवासियों की ओर से संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।



## पीएम बोले, पहले वरिष्ठ सदस्य दूसरों को मर्यादा का पालन सिखाते थे

उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन के लिए संविधान सभा से सीखने को बहुत कुछ है। पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था, जब सदन में कोई भी सदस्य शिष्टाचार का उल्लंघन करता था और अगर उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाती थी तो सदन के अन्य वरिष्ठ सदस्य उस सदस्य को समझाते थे कि भविष्य में वे ऐसी गलती न करें, जो सदन के माहौल और उसकी मर्यादा को प्रभावित करती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों से बोले उप राष्ट्रपति धनखड़

## अब निरंकुशता और भाई-भतीजावाद नहीं, भ्रष्टाचार और बिचौलियों का पारिस्थितिकी तंत्र खत्म : धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में 'निरंकुशता और भाई-भतीजावाद' की जगह अब 'प्रतिभा' ने ले ली है और आज युवाओं के पास अपने लक्ष्य हासिल करने के अधिक अवसर हैं। यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवकों के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने दावा किया कि अब कानून के समक्ष वास्तव में सभी समान हैं जबकि अतीत में कुछ लोग सोचते थे कि वे इससे ऊपर हैं।धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो गया है और युवाओं के पास अपार अवसर हैं।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की निरंकुशता को लोकतंत्र की प्रतिभा से बदल दिया गया है। एनएसएस स्वयंसेवक उस महिला दल का हिस्सा थीं, जिसने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। युवाओं को 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने में मदद करने वाले 'सैनिक' बताते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे नवोन्वेषी बनने और अनुसंधान तथा उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने उद्यमियों के साथ की बात

## अब छोटे व सूक्ष्म उद्यमी भी देश की प्रगति के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली के कौशल भवन में 100 से अधिक उद्यमियों के साथ बातचीत की। इन उद्यमियों को राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, भारतीय उद्यमिता संस्थान जैसे विभिन्न कौशल विकास संस्थानों और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है। प्रधान ने कहा कि यह पहली बार है कि कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के उद्यमियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि होने का सम्मान दिया गया है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है।



### आपकी यह यात्रा प्रेरणादायी रही

प्रधान ने कहा कि उद्यमिता से आत्मनिर्भरता तक की उनकी यात्रा को देखना वास्तव में प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि ये छोटे और सूक्ष्म उद्यमी देश की विकास यात्रा में एक नया योगदान देने के लिये तैयार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना इस इस सरकार का मूल आधार है और आम नागरिक पीएम मोदी की दृढ़ प्राथमिकता हैं। प्रधान ने उद्यमियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने पीएम मोदी और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

सांसद और केंद्रीय मंत्री बोलीं

## अमेठी के दो लाख लोगों को राम के दर्शन कराएंगी

**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के 2 लाख से अधिक लोगों को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराएंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्तान ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही तीन लाख से अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित कर घर-घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता कहा कि अमेठी की सांसद ईरानी के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के 3 लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।



## अब पराली और गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : योगी

**बदायूं (उत्तर प्रदेश) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाने की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होगा। योगी ने कहा कि जिस पराली को पहले जला दिया जाता था अब ये हमारे किसानों की अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही गोबर से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। सीबीजी प्लांट ना केवल किसान और पशुपालकों के लिए, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां दातागंज विधानसभा के सैंजनी गांव में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से विपन्न क्षेत्र में सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, अन्नदाता किसानों की आमदनी, युवाओं को रोजगार और नये उद्यम स्थापित करने का नया माध्यम बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्लांट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आठ जिलों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में सीबीजी प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में 133 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सीबीजी प्लांट 50 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन धान की पराली का उपयोग करते हुए 14.25 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन हो सकेगा।



## मराठा आंदोलन खत्म, पुलिस को मारने वाले लोगों पर चलेंगे केस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में लगातार मराठा आंदोलन को लेकर हो रहा प्रदर्शन अब थम गया है। महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल की सभी मांगे मानते हुए इस पर अध्यादेश जारी किया है। इसके बाद मनोज जरांगे ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा की है। मराठा आंदोलन वापस लेने पर देवेंद्र फड़नवीस ने जरांगे का अभिनंदन किया साथ ही ये भी कहा जिन्होंने पुलिस को मारा है और घर जलाए हैं उनके खिलाफ मुकदमे वापस नहीं होंगे।



### कानूनन मिलेगा कुनबियों को हक

नागपुर में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री फड़नवीस ने कहा कि जो आंदोलन चल रहा था उसका सॉल्यूशन निकल गया है। मुख्यमंत्री ने बहुत अच्छा निर्णय लिया है। मनोज जरांगे पाटिल ने भी इसको मान्यता दी है। मराठा समाज में जो कुनबी हैं, उनकी इसमें जो एंट्री आई है, उनको सर्टिफिकेट मिलना, यह कानून के हिसाब से भी सही है। उन्हें सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहा था, अब आसानी से मिलेगा और ये अच्छी बात है कि यह सब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन के तहत होगा।

## उस्मानिया यूनिवर्सिटी में छात्राओं का विरोध प्रदर्शन

**हैदराबाद।** हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने शनिवार को हंगामा किया। ये परिसर मेंसुरक्षा उल्लंघन को लेकर गुस्साई हुई है। छात्रों को अपने छात्रावास के सामने बैठकर 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगाते देखा गया। छात्रों का कहना है कि वह केवल वीसी को परिसर में आने की मांग कर रहे हैं।



## दोस्तों ने एसीपी के बेटे को नहर में डुबाकर मारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आउटर नॉर्थ जिले में तैनात एसीपी के लापता बेटे लक्ष्य चौहान को उसके दोस्तों ने ही कथित तौर पर पानीपत की नहर में धक्का देकर मार डाला। शुक्रवार को पहले से दर्ज एफआईआर में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश में छापा मारा जा रहा।



## पंजाब : मुख्यमंत्री मान ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए 'सड़क सुरक्षा फोर्स' की शुरूआत की

**जालंधर (भाषा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष 'सड़क सुरक्षा फोर्स' की शनिवार को शुरूआत की। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब इस तरह की पहल करने वाला पहला राज्य है और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त की। मान ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में 17-18 लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने कहा, ₹हर महीने 500 से अधिक लोगों की मौत हो जाती है और साल में लगभग 6,000 लोगों की (सड़क दुर्घटनाओं में) मौत होती है।₹ मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, कांग्रेस नेता राजेश पायलट और हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी सहित विभिन्न हस्तियों के नामों का उल्लेख किया, जिनकी सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हो गई।


## बजट की तैयारी अंतिम चरण में पहुंची वित्त मंत्री की टीम दे रही फाइनल टच

**नई दिल्ली।** अंतरिम बजट 2024 की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की उनकी टीम इसे अंतिम रूप दे रही है। 'हलवा समारोह' के बाद पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए नॉर्थ ब्लॉक को लॉक-डाउन में डाल दिया गया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीएमओ अधिकारियों की टीम और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की टीम के बीच बजट को लेकर दिन रात चर्चा चल रही है। ये चर्चाएं सुनिश्चित करती हैं कि प्रधानमंत्री द्वारा जमीनी हकीकतों की गहरी समझ के साथ तैयार की गई योजनाओं का जोर बजट के फाइन-प्रिंट में पर्याप्त रूप से प्रस्तुत किया जाए। सीतारमण 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी।



### बजट तैयार करने वाली अहम टीम

वित्त सचिव टीवी सोमनाथन, तमिलनाडु कैडर के अधिकारी, जिन्होंने वित्त मंत्रालय में शामिल होने से पहले पीएमओ में अतिरिक्त सचिव में कार्य किया, दोनों टीमों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मंत्रालय में बजट की कवायद का नेतृत्व करने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टीम के शीर्ष सदस्यों में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन शामिल हैं। नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय बजट की छपाई के दौरान, अधिकांश अधिकारियों को बजट से पहले के दिनों में बाहरी दुनिया से बिना किसी संपर्क के कार्यालय में रहना पड़ता है। एक फरवरी को बजट पेश होने के बाद ही उन्हें घर जाने की अनुमति मिलेगी।

# रोहन बोपन्ना ने जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब, एबडेन के साथ बने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, सबालेंका को एकल ट्रॉफी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल में बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शनिवार को फाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को सीधे सेटों में हराया। भारत के बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के एब्डेन की जोड़ी ने पहली बार इस खिताब को जीता है। बोपन्ना और एब्डेन ने 7-6 (7-0), 7-5 से मैच को अपने नाम किया। दोनों ने टाइब्रेकर तक चले पहले सेट को 7-6 (7-0) से जीता था। इसके बाद दूसरा सेट 7-5 के अंतर से जीत लिया। 43 साल के बोपन्ना हाल ही में पुरुष युगल की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचे हैं। उन्हें प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार के लिए भी चुना गया। बोपन्ना ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। वह 43 साल और 329 दिन की आयु में चैंपियन बने हैं।



### बोपन्ना और एबडेन का सफर

| राउंड | जोड़ी को हराया | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| पहला | जेम्स डकवर्थ-मार्क पोल्मैन्स | 7-6(5), 4-6, 7-6(2) |
| दूसरा | जॉन मिलमैन-एडवर्ड विंटर | 6-2, 6-4 |
| तीसरा | वेस्ली कोहलॉफ-निकोला मेक्टिक | 7-6(8), 7-6(4) |
| क्वार्टर फाइनल | मैक्सिमो गोंजालेज-आंद्रेस मोलटेनी | 6-4, 7-6(5) |
| सेमी फाइनल | तोमास माचाक- झिझेन झांग | 6-3, 3-6, 7-6(7) |
| फाइनल | सिमोन बोलेली- एंड्रिया वावसोरी | 7-6 (7), 7-5 |

### राजीव राम के रिकॉर्ड को तोड़ा

*रोहन बोपन्ना का ग्रैंड स्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा में यह 61वां मैच था। वह 19 अलग-अलग साथियों के साथ मैच खेल चुके हैं। बोपन्ना ने अमेरिका के राजीव राम के एक अनोखे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना पहला पुरुष युगल खिताब जीतने से पहले इस स्पर्धा में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। राजीव राम को पहला पुरुष युगल ग्रैंड स्लैम जीतने में 58 मैच लग गए थे। बोपन्ना 61वें मैच में यह खिताब अपने नाम कर लिया।*

### बोपन्ना का तीसरा फाइनल मुकाबला

देखा जाए तो रोहन बोपन्ना का ये पहला ग्रैंड स्लैम मेंस डबल्स खिताब है। इससे पहले मेन्स डबल्स में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2010 और 2023 में रहा था, तब उन्होंने यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। इसके अलावा बोपन्ना फ्रेंच ओपन (2022) और विंबलडन (2013, 2015, 2023) में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर चुके हैं।

### फ्रेंच ओपन जीत चुके रोहन

रोहन बोपन्ना मिक्स्ड डब्लस के तहत 2017 में फ्रेंच ओपन का खतिाब जीत चुके हैं। तब बोपन्ना ने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिलकर अन्ना-लेना ग्रोनफेल्ड और रॉबर्ट फराह को 2-6, 6-2, (12-10) से हराया था।

### बोपन्ना वर्ल्ड नंबर-1

बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के अंत तक नंबर 1 स्थान पक्का कर लिया है। वहीं, बोपन्ना के सबसे सफल पार्टनर्स में से एक मैथ्यू एब्डेन का मेन्स डब्ल्स रैंकिंग में नंबर 2 स्थान पर पहुंचना तय हो गया है। मैथ्यू एब्डेन ऑस्ट्रेलियाई खलिाड़ी हैं।




आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के एकतरफा फाइनल में झेंग क्विनवेन पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। पिछले 13 महीने में 25 साल की यह खिलाड़ी अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रही थी। इसमें से वह दो में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल में एलिना रायबकिना को हराया था। सबालेंका 2012 और 2013 में विक्टोरिया अजारेंका के बाद लगातार ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला हैं। वह 2000 के बाद बिना कोई सेट गंवाए यहां चैंपियनशिप जीतने वाली पांचवीं महिला हैं।

### सबसे बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-1 नोवाक जोकोविच हारकर बाहर

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में हार गए हैं। वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच को सेमीफाइनल में चौथी सीड इटली के यानिक सिनर के हाथों 1-6, 2-6, 7-6 (8-6), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुक्रवार को मेलबर्न पार्क में खेला गया यह सेमीफाइनल मुकाबला 3 घंटा और 23 मिनट तक चला। पहली बार नोवाक जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार मिली है।

## खबर संक्षेप



### 11वें दौर में डी गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश यहां टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए हैं जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ पोडियम पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया।

### टीम इंडिया में वंदना पूनिया की वापसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की विफलता से उबरते हुए सविता पूनिया की अगुवाई वाली 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच प्रो लीग मैच में ताजा शुरुआत करने की कोशिश करेगी।



वंदना कटारिया की फ्रेक्चर से उबरने के बाद बतौर उप कप्तान टीम में वापसी हुई है। इसी फ्रेक्चर के कारण वह इस महीने के शुरू में रांची में ओलंपिक क्वालीफायर्स में नहीं खेल पायी थीं। रांची में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिससे वह ओलंपिक में जगह बनाने से चूक गई जबकि पिछले दो चरण में टीम ने क्वालीफाई किया था। प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण तीन से नौ फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 12 से 18 फरवरी तक होगा।

### भारत 'ए' ने लायंस को पारी, 16 रन से हराया

**अहमदाबाद।** भारत 'ए' ने बेहतरीन हरफनमौला खेल के दम पर शनिवार को यहां दूसरे 'अनौपचारिक टेस्ट' में इंग्लैंड लायंस (ए टीम) पर पारी और 16 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली।



भारतीय टीम ने दूसरी पारी में इंग्लैंड लायंस को 321 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड लायंस की टीम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 304 रन से आगे से की लेकिन महज 5.2 ओवर के अंदर अर्शदीप सिंह (2/62) और यश दयाल (1/37) ने क्रमशः ओली रॉबिन्सन (85) और टॉम लॉज (32) के विकेट झटक कर भारत 'ए' को जीत दिला दी।

## टेस्ट : ओली 148 पर नाबाद, इंग्लैंड ने 6 विकेट पर बनाए 316 रन

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड भारत पर बनाई 126 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के संयम से खेले गए शतक से शनिवार को यहां पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने इस तरह भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके पास चार विकेट बचे हैं। पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने इग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी। पोप ने यहां 'आरजीआई स्टेडियम' में गजब का संयम दिखाया और तकनीकी निपुर्णता से बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरियर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया।



**पंड्या ने दमखम से शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास**

वडोदरा। भारत के अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने अपने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा, 'खेल में वापसी करके मुझे अच्छा लग रहा है।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का शर्मा बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप खेल रहे हैं | 148 | 208 | 17 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान अहमद खेल रहे हैं | 16 | 31 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 22 कुल : 77 ओवर में 316/6
गेंदबाजी : बुमराह 12-3-29-2, अश्विन 21-3-93-2, अक्षर 15-2-69-1, जडेजा 26-1-101-1, सिराज 3-0-8-0.

## केआईवाईजीः कुश्ती में पांच से चार पदक हरियाणा के नाम

**चेन्नई।** हरियाणा ने छठे खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में शनिवार को यहां कुश्ती में पांच में से चार स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम किया जबकि महाराष्ट्र की भारोत्तोलक आरती ततगुंती और आंध्र प्रदेश की एवी सुष्मिता ने नए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। रिकॉर्ड स्थापित करने के अलावा, तातगुंती (लड़कियों 49 किग्रा) और सुष्मिता (लड़कियों 55 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। तातगुंती , सौम्या दलवी (महाराष्ट्र) और पंचमी सोनोवाल (असम) के बीच तीन-तरफा मुकाबले में, स्नैच में 75 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 95 सहित कुल 170 किलोग्राम वजन उठाकर विजेता बनी। उन्होंने इस दौरान स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल वजन का रिकॉर्ड कायम किया। इसके बाद सुष्मिता ने अपने भार वर्ग में कुल 173 किग्रा का भार उठाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। हरियाणा पदक तालिका में सबसे तेजी से आगे रहने वाला राज्य बनकर उभरा। कुश्ती में लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की मोनिका (46 किग्रा) और नेहा (57 किग्रा) जबकि लड़को के वर्ग में अमरजीत (51 किग्रा ग्रीको रोमन) और विनय (92 किग्रा फ्रीस्टाइल) ने स्वर्ण पदक जीते। राज्य की लड़कियों की हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश पर 1-0 से जीत के साथ लगातार पांचवां खिताब जीता।

# रिदम, उज्जवल ने वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| काहिरा

रिदम सांगवान और उज्जवल की जोड़ी ने शनिवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

भारतीय निशानेबाजों ने अभी तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है।

अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया। फाइनल में उन्होंने कजाखस्तान की इरिना युनुस्मेतोवा को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। अनुराधा 239.9 के स्कोर से कोराकाक्की से 1.2 अंक पीछे रहीं।

# तन्मय ने ठोका 147 गेंद में सबसे तेज तिहरा शतक

### तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड ब्रेक

- 147 गेंद में तिहरा शतक
- 300 रन एक दिन में बनाए
- 26 छक्के से रनों का अंबार

**रणजी ट्रॉफी : प्लेयर ऑफ द मैच तन्मय ने बनाए 366 रन**



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद के तन्मय अग्रवाल प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। तन्मय ने अपनी पारी में रिकार्ड 26 छक्के जड़े। प्रथम श्रेणी मैच की एक पारी में किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक छक्के लगाने के कॉलिन मुनरो के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मुनरो ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ ऑकलैंड के लिए खेलते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 23 छक्के जड़े थे। हैदराबाद ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के पहले दिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज (147 गेंद) तिहरा शतक लगाने वाले तन्मय अग्रवाल शनिवार को 366 रन बनाकर आउट हो गए। रणजी ट्रॉफी में 26 जनवरी 2024 खेला गया अरुणाचल प्रदेश और हैदराबाद के बीच का मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। एक दिन के खेल में ही तन्मय अग्रवाल ने धुंआधार अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई करते हुए ट्रिपल सेंचुरी जमा दी। इस धमाकेदार तिहरा शतक को जमाते हुए तन्मय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। महज 160 गेंद पर 21 छक्के और 33 चौके की मदद से इस बैटर ने 323 रन ठोक डाले। तन्मय ने 181 गेंद पर 34 चौके और 26 छक्के ठोके।

### रिचर्ड्स, सहवाग का रिकॉर्ड ध्वस्त

*तन्मय ने अब दक्षिण अफ्रीका के मार्को माराइस 191 गेंद पर बनाए तिहरे शतक के रिकॉर्ड को 147 गेंद पर बनाकर तोड़ डाला। इस कारनामे को वेस्टइंडीज के महान बैटर विव रिचर्ड्स ने 244 गेंद पर अंजाम दिया था। एक दिन में 300 रन बनाकर तन्मय ने भारतीय दिग्गज वीरेंद्र सहवाग को भी पीछे छोड़ दिया। 2009 में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ ब्रेबॉर्न टेस्ट में एक दिन में 284 रन बनाए गए थे।*

### पारी और 187 रन से जीता हैदराबाद

*रणजी ट्रॉफी का यह मैच दो दिन में ही समाप्त हो गया। अरुणाचल प्रदेश ने पहली पारी में 172 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने चार विकेट के नुकसान पर 615 रन बनाकर पारी घोषित कर दिया। दूसरी पारी में अरुणाचल प्रदेश सिर्फ 256 रन ही बना सका। इस तरह से हैदराबाद ने मैच पारी और 187 रन से जीत लिया।*

# भारत ने द.अफ्रीका को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अजेय सिलसिला जारी रखते हुए मेजबान पर 3-0 से आसान जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार रात हुए मुकाबले में दूसरे मिनट में, अभिषेक ने 13वें मिनट में और सुमित ने 30वें मिनट में गोल दागे।

भारत ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहले ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिसे हरमनप्रीत ने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलकर बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में दो ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने फुर्तीला शॉट लगाकर दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को पछाड़



दिया और भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। हाफ टाइम से तुरंत पहले सुमित मैदानी गोल करने में सफल रहे और भारत 3-0 से आगे हो गया। चौथे क्वार्टर में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने काफी प्रयास किए लेकिन कोई गोल नहीं हो सका।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में बनाई जगह

*मस्कट। भारतीय महिला टीम ने यहां दक्षिण अफ्रीका पर 6-3 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए एफआईएच हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना नीदरलैंड से होगा। अक्षता अबासो ढेकाले (सातवें मिनट), मारियाना कुजूर (11वें), मुमताज खान (21वें), रुतुजा दादासो पिसल (23वें), ज्योति छत्री (25वें) और अजीमा कुजूर (26वें) ने शुक्रवार रात हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के लिए गोल दागे। दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (पांचवें), कप्तान टोनी मार्क्स (आठवें) और डिर्की चेम्बरलेन (29वें) ने गोल किए।*

## डब्लूटीटी : श्रीजा की शानदार जीत, मनिका और अर्चना हारीं

**मापुसा।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शनिवार को यहां शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व टेबल टेनिस स्टार कंटेंडर गोवा के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि



मनिका बत्रा और अर्चना कामत को अपने मुकाबलों में हार का मुंह देखना पड़ा। हैदराबाद की 25 वर्षीय अकुला ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर 3-1 (12-10, 8-11, 11-8, 11-8) से जीत हासिल की। भारत की शीर्ष (38वीं) रैंकिंग पर काबिज मनिका को दुनिया की 13वें नंबर की जियाओजिन यांग से 1-3 (11-9, 11-13, 7-11, 9-11) से हार मिली। महिला एकल के अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से 1-3 (11-13, 11-9, 6-11, 4-11) से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को 3-0 (11-8 11-6 14-12) से पराजित किया था। मनिका ने दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन पर 3-1 (11-6 9-11 11-9 11-7) की आसान जीत हासिल कर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

## अंडर-19 विश्व कप : पहले ही 'सुपर सिक्स' में जगह पक्की कर चुकी टीम इंडिया

# भारत अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका से भिड़ेगा आज

एजेंसी ▶▶| ब्लोमफोंटेन

पहले ही 'सुपर सिक्स' में जगह पक्की करने वाली रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम के रविवार को यहां अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर आराम से जीत दर्ज करने की उम्मीद है। भारत ने अपने पहले दो मैच में बांग्लादेश और आयरलैंड को हराया है। भारतीय मूल के खिलाड़ियों से भरी अमेरिका टीम के खिलाफ जीत हासिल करते ही भारत ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

अमेरिकी को अपने शुरुआती मैच में आयरलैंड और बांग्लादेश से हार झेलनी पड़ी है। बांग्लादेश ने जहां भारतीय बल्लेबाजों को थोड़ा दबाव में रखा, वहीं उदय सहारन की अगुवाई वाली टीम ने आयरलैंड के खिलाड़ियों के खिलाफ जरा भी गलती नहीं की। ग्रुप ए और बी से तथा ग्रुप सी और डी से शीर्ष तीन टीम 'सुपर सिक्स' के लिए क्वालीफाई करती हैं।



### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**अमेरिका :** अमोघ अरेपल्ली, रेयान भगानी, आर्यन बत्रा, खुश भलाला, प्रणव चेट्टीपलायम, आर्य गर्ग, सिद्धार्थ कप्पा, भाव्या मेहता, आरिन नाडकर्णी, मानव नायक, पार्थ पटेल, ऋषि रमेश (कप्तान), उत्कर्ष श्रीवास्तव, अतींद्र सुब्रमण्यन, आर्यमान सूरी. रिजर्वः अर्जुन महेश, अंश राय, आर्यन सतीश।

### फार्म में टीम इंडिया

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने शुरू में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे के पास गेंद को टर्न कराने की क्षमता है और वह दो मैच में सात विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़कर काफी उम्मीदें जगा दी हैं और वह भी अपने बड़े भाई सरफराज की तरह रनों का अंबार लगाने की कोशिश करेंगे। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी पिछले दो मैच में सात और 32 रन ही बना पाए हैं जिससे वह भी इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। कप्तान सहारन ने लगातार दो अर्धशतक जड़कर अच्छी जिम्मेदारी निभायी है और वह अमेरिका जैसी कमजोर टीम के खिलाफ फायदा उठाना चाहेंगे। सचिन धास ने पारी के अंत में बड़े हिट लगाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई है।


हरियाणा सरकार
"इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए हमारी सरकार ने जो ठोस कदम उठाए हैं, उसका असर अब देशभर में दिखने लगा है।"
- नरेन्द्र मोदी
इको फ्रेंडली, सुगम सेवाएं
यातायात आसान बनाए
'हरियाणा सिटी बस सेवा' का शुभारंभ
मुख्य अतिथि
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा
28 जनवरी, 2024 | दोपहर 2:00 बजे | न्यू बस स्टैण्ड, सिवाह, पानीपत
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
पानीपत
यमुनानगर
पंचकूला
अम्बाला
सोनीपत
करनाल
रोहतक
रेवाड़ी
हिसार
हरियाणा के 9 शहरों में इलेक्ट्रिक AC बस सेवाएं शुरू
375 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का अभूतपूर्व निर्णय
ऐसी बस सेवा शुरू करने वाला हरियाणा देश का प्रथम राज्य
पानीपत और यमुनानगर में इलेक्ट्रिक AC बस सेवाएं शुरू हो रही हैं, शेष शहरों में 30 जून, 2024 से सेवाएं होंगी शुरू
सुविधाओं सहित, प्रदूषण रहित बस सेवा
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## धूमधाम से मना 75वां गणतंत्र दिवस

# कर्तव्य पथ पर दिखे अयोध्या के रामलला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 75वें गणतंत्र दिवस पर 16 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों और 9 मंत्रालयों की झांकियां कर्तव्य पथ पर दिखीं। इस बार सबसे खास इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) और उत्तर प्रदेश की झांकी रही। इसरो की झांकी में इस बार चंद्रमा के साउथ पोल पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को दिखाया गया। इसमें लैंडिंग पॉइंट (शिव शक्ति पॉइंट) पर विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को दर्शाया गया। 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से चंद्रयान-3 लॉन्च किया गया था, जिसने 23 अगस्त को चंद्रमा पर साफ्ट लैंडिंग की थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की झांकी में रामलला का छोटा स्वरूप दिखाया गया। मेरठ रैपिड रेल और ब्रह्मोस मिसाइल को झांकी में शामिल किया गया, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए राज्य में एक प्लांट डेवलप कर रही है। इनके अलावा गुजरात की झांकी में कच्छ का धोर्डो गांव दिखाया गया।



### गणतंत्र दिवस पर 10 बातें पहली बार


- 100 महिलाओं ने पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर परेड का शुभारंभ किया।
- पहली बार ट्राई सर्विस कंटिंजेंट में सिर्फ महिलाएं।
- दिल्ली पुलिस का महिला दस्ता पहली बार परेड में शामिल हुआ।
- आर्मी की मेडिकल सर्विसेस की महिला कंटिंजेंट का मार्च।
- बीएसएफ, सीआईएसएफ का भी ऑल वुमन मार्चिंग और ब्रास बैंड परेड में शामिल हुआ।
- डेयरडेविल बाइकर्स टीम में सिर्फ बीएसएफ , सीआरपीएफ और एसएसबी की महिलाएं शामिल हुईं।
- फ्रांस का 30 सदस्यों वाला मार्चिंग बैंड परेड में शामिल हुआ।



- पहली बार फ्रांस का राफेल एयरक्राफ्ट परेड में शामिल हुआ।
- एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में दिखाई गया टैंगेल फॉर्मेशन।
- अनंत सूत्र- 18 राज्यों की साड़ियां प्रदर्शित की गईं।

## इसरो की झांकी में दिखी चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग



### 40 साल बाद बग्घी में राष्ट्रपति

- फ्रेंच प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों भी साथ बैठे
- पाकिस्तान से टॉस जीतकर मिली थी बग्घी

75वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पारंपरिक बग्घी में बैठकर राष्ट्रपति भवन से कर्तव्य पथ पर पहुंची। 40 साल बाद कोई राष्ट्रपति इस बग्घी में बैठा है। चीफ गेस्ट फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी इस बग्घी में सवार थे। यह बग्घी पाकिस्तान से टॉस जीतकर भारत को मिली थी। 1950 में पहले गणतंत्र दिवस पर इस बग्घी का इस्तेमाल किया गया था। तब देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद इस बग्घी में बैठे थे। 1984 तक यह परंपरा जारी रही। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद इस बग्घी की जगह हाई सिक्योरिटी वाली कार ने ले लिया। सोने की परत चढ़ी, घोड़ों से खींची जाने वाली ये छोटी गाड़ी, यानी बग्घी मूल रूप से भारत में ब्रिटिश राज के दौरान वायसराय की थी।



### आसमान में गरजे सुखोई और राफेल, हैरतअंगेज करतब किए, सेना ने दिखाई ताकत





समारोह में सेना ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। फ्लाईपास्ट में एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट हिस्सा लिया। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट थे। फ्लाईपास्ट में पहली बार फ्रांसीसी आर्मी के राफेल फाइटर प्लेन भी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### विश्व शांति का काम कर रहे मोदी: यूक्रेनी पीएम

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने भारत को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।



डेनिस ने यूक्रेन की मदद और मानवीय समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। डेनिस का कहना था कि वो भारत से पहले की तरह छात्रों को वापस यूक्रेन भेजने का भी आग्रह करना चाहते हैं।

### इंटरनेशनल कोर्ट का फैसला एक महीने में गाजा में नरसंहार रोके इजराइल



**वॉशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। वर्ल्ड कोर्ट ने इजराइल से कहा है कि वह गाजापट्टी में अपने हमले में हुई मौतों और नुकसान का पूरा हवाला दें और किसी भी तरह की गंभीर चोट या नुकसान को रोकें। इजराइल यह सुनिश्चित करे कि उनकी सेना गाजा में नरसंहार नहीं करे और वहां मानवीय स्थिति में सुधारवादी कदम उठाएं। इजराइल से इस मामले में एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।

## आप के 7 विधायकों को 25 करोड़ रुपये ऑफर किए गए : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली की आप सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा के एक नेता ने पिछले दिनों दिल्ली के 7 विधायक को संपर्क कर कहा है कि कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायक को तोड़ेंगे। केजरीवाल के मुताबिक, भाजपा ने 7 आप विधायकों को कहा है कि 21 विधायक से बात हो गई है। बाकी विधायकों से भी बात कर रहे हैं।

### भाजपा की दिल्ली सरकार गिराने की साजिश चाहते हैं मुझे गिरफ्तार करें, फिर विधायक तोड़ें

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपए देंगे और भाजपा की टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। केजरीवाल ने ये भी कहा कि भाजपा का दावा है कि उन्होंने हमारे 21 विधायकों से बात की है, लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक उन्होंने सिर्फ 7 विधायकों से बात की है और सभी 7 विधायकों ने भाजपा का ऑफर ठुकरा दिया। केजरीवाल ने दावा किया है कि भाजपा नेता की इस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया गया है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा किसी शराब घोटाले की जांच के लिए मुझे गिरफ्तार नहीं करना चाहती, बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रही है। पिछले 9 साल में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए, लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी मजबूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे।



## भाजपा ने 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किये। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं।

### तेलंगाना सरकार जाति आधारित जनगणना कराएगी : मुख्यमंत्री

**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही जाति आधारित जनगणना कराएगी। रेड्डी ने अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और आदिवासी कल्याण विभागों के साथ संबंधित मुद्दों पर बैठक की और अधिकारियों को जाति आधारित जनगणना करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।




## यूएस के बाद अब फ्रांस भी 100% इंजन टेक्नोलॉजी देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस भारतीय लड़ाकू विमान के इंजन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है। यानि, अमेरिका के बाद फ्रांस दूसरा देश बन गया है, जिसने भारत में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का फैसला लिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के भारत दौरे के दौरान भारत-फ्रांस के बीच कई समझौते हुए। दोनों देशों ने डिफेंस इंडस्ट्रियल सेक्टर में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई। स्कॉर्पीन-क्लास सबमरीन और उसके पुर्जों को भारत में ही बनेंगे। फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ ने कहा है कि भारत और फ्रांस पहले से ही सफरान और भारत का डीआरडीओ चर्चा कर रहे हैं। के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के बीच सहयोग पर चर्चा कर रहे हैं। जुलाई 2023 में, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पेरिस की आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों ने घोषणा की थी, कि लड़ाकू जेट इंजन के लिए संयुक्त विकास परियोजना का रोडमैप उस वर्ष के अंत तक तैयार किया जाएगा।



### इस सौदे पर बनी सहमति

भारतीय राजदूत के मुताबिक, भारत जिस सौदे की तलाश में है, उसमें इंजन के वास्तविक डिजाइन, इंजन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले धातुओं की पहचान के साथ साथ, तमाम तरह के तत्वों की गहराई तक पहचान करना शामिल है, ताकि भारत एडवांस इंजन का विकास कर सके। हालांकि, अशरफ ने माना, कि सौदे पर बातचीत जटिल थी, और जटिलताओं से निपटने के लिए भारत की समग्र सैन्य आवश्यकता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सामान्य आधार खोजने की आवश्यकता थी।





### अमेरिका ने 2021 में जीवन की संभावना तलाशने के लिए भेजा था रोवर

## मंगल पर पानी, नासा के रोवर से पुष्टि, 65 फीट नीचे मिले सबूत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

मंगल ग्रह पर पानी होने के सबूत मिले हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए पर्सीवरेंस रोवर के डेटा से इसकी पुष्टि हुई है। रोवर को नासा ने 2021 में मार्स पर जीवन तलाशने भेजा था। इसने मंगल ग्रह के जजीरो क्रेटर से चट्टानों के सैंपल इकट्ठा किए थे। जमीन के नीचे भी पानी की खोज के लिए एक्सपेरिमेंट किया था। यूसीएलए और ओस्लो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम को रोवर के डेटा से पता चला है कि मार्स की जमीन के 65 फीट नीचे मिट्टी के कणों में नमी है।



### रोवर ने ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी थी

लॉन्चिंग के कुछ दिन बाद ही पर्सीवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह की पहली ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की थी। 10 सेकेंड की इस ऑडियो क्लिप में बहुत मामूली आवाज थी। नासा के मुताबिक यह उसके पर्सीवरेंस रोवर के उतरने के बाद वहां मौजूद धूल और मिट्टी पर पड़े दबाव की वजह से पैदा हुई थी। करीब 1 महीने बाद मार्च में इस रोवर ने करीब 21.3 फीट तक टेस्ट ड्राइव की थी। इससे मंगल की मिट्टी पर उसके पहियों के निशान बन गए थे। नासा ने इन निशानों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

**रोवर का वजन एक हजार किलोग्राम**

पर्सीवरेंस रोवर का वजन 1000 किलोग्राम है। पहली बार किसी रोवर में प्लूटोनियम को ईंधन के तौर पर उपयोग किया गया। यह रोवर मंगल ग्रह पर 10 साल तक काम करेगा। इसमें 7 फीट का रोबोटिक आर्म, 23 कैमरे और एक ड्रिल मशीन है।

### रहने लायक था मंगल ग्रह

*वैज्ञानिकों का कहना है कि ठंडा और जीवनहीन दिखने वाला मार्स कभी गर्म, पानी वाला और रहने लायक था। साइंटिस्ट्स को पहले से इस बात का शक था कि जजीरो क्रेटर पर कभी पानी हुआ करता था, इसकी पुष्टि के लिए पर्सीवरेंस रोवर को यहां उतारा गया था। पर्सीवरेंस मार्स रोवर 18-19 फरवरी 2021 की रात मंगल पर पानी की पुष्टि और जीवन की तलाश के लिए उतरा था। इसने भारतीय समय के अनुसार रात करीब 2 बजे मार्स की सबसे खतरनाक सतह जजीरो क्रेटर पर लैंडिंग की थी। 6 पहियों वाला यह रोवर 7 महीने में 47 करोड़ किमी की यात्रा पूरी कर तेजी से अपने लक्ष्य के करीब पहुंचा था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25